NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष : 05, अंक :-88, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 03 अक्टूबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# अमेरिका के दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन

## 'मैं पीएम मोदी को जानता हूं, भारतीय अपमान बर्दाश्त नहीं करते'

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल खरीद के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव की आलोचना की और कहा कि भारत झुकने वाला नहीं है। उन्होंने सोची शहर में आयोजित वाल्दाई पॉलिसी फोरम को संबोधित करते हुए यह कहा कि पीएम मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो।

पुतिन ने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी।

पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर भारत रूसी तेल खरीदना बंद करता है, तो उसे 9 से 10 अरब डॉलर का




नुकसान उठाना पड़ेगा। पुतिन ने कहा कि भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके।

पुतिन ने यह भी कहा कि रूसी तेल के बिना दुनिया की भी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और यदि इसकी आपूर्ति बंद हो जाती है तो तेल की कीमतें प्रति बैरल 100 डॉलर से भी ऊपर बढ़ सकती हैं।

**भारत के साथ व्यापार असंतुलन को ठीक करने की सलाह दी**

पुतिन ने मोदी को दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने दिसंबर की शुरूआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सरकार को यह भी निर्देश दिया कि भारत के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल खरीदने की वजह से जो व्यापार असंतुलन बना है, उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

पुतिन ने कहा कि भारत चाहे तो व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए रूस से और ज्यादा कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। अपने भाषण में पुतिन ने अमेरिका पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। पुतिन ने कहा कि रूस, अमेरिका को यूरेनियम देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका हमसे यह इसलिए खरीदता है क्योंकि इसमें उसका फायदा है।

### अमेरिकी टैरिफ पर वित्त मंत्री बोलीं

# भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वैश्विक झटकों को झेलने में सक्षम



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था बड़े बदलावों के दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में भी भारत की स्थिति मजबूत है और भारतीय अर्थव्यवस्था इन बाहरी झटकों को झेलने में सक्षम है। वित्त मंत्री ने कहा कि दुनियाभर के देशों के सामने अनिश्चितता का माहौल है। देशों को इस अनिश्चितता के माहौल से भी निपटना है और साथ ही व्यापार, वित्त और ऊर्जा असंतुलन का भी सामना करना एक बड़ी चुनौती है।

कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2025 में अपने संबोधन में वित्त मंत्री ने कहा 'भू-राजनीतिक संघर्ष तेज हो रहे हैं। प्रतिबंध, टैरिफ और अलगाव की रणनीतियां वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नया आकार दे रही हैं। भारत के लिए, ये बदलाव चिंताजनक भी हैं, लेकिन साथ ही हमारे जुझारूपन को भी उजागर करते हैं। बाहरी झटकों को झेलने की हमारी क्षमता मजबूत है और हमारी आर्थिक क्षमता भी विकसित हो रही है।' सम्मेलन में 'अशांत समय में समृद्धि की तलाश' विषय पर सत्र को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 'युद्ध और रणनीतिक प्रतिद्वंद्विता, सहयोग और संघर्ष को फिर से परिभाषित कर रही हैं। जो गठबंधन कभी मजबूत दिखते थे, उनके लिए परीक्षा का समय है और दुनिया में नए गठबंधन उभर रहे हैं।' वित्त मंत्री ने कहा कि हम जिस चीज का सामना कर रहे हैं, वह कोई अस्थायी बाधाएं नहीं हैं बल्कि हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव होते देख रहे हैं।

# पूर्णिया में वंदे भारत ट्रेन से कटकर चार लोगों की मौत



**पूर्णिया।** पूर्णिया के कस्बा में वंदे भारत ट्रेन के चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। जबकि कुछ लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को जीएमसी भेजा गया है। वहीं रेलवे पुलिस लाश को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। यह घटना कस्बा रेलवे गुमटी के पास की बताई जा रही है। मृतकों में सभी की उम्र 18 से 25 वर्ष बताई जा रही है।

वंदे भारत ट्रेन जोगबनी से चलकर पाटलिपुत्र तक जाती है। यह ट्रेन कस्बा के पास से सुबह तकरीबन 5:00 बजे गुजर रही थी तभी यह हादसा हुआ है। अभी इस बात की कोई जानकारी नहीं मिली है कि हादसे के पीछे क्या वजह है। क्या रेलवे गुमटी कर्मचारी की लापरवाही है या लोगों ने हाई स्पीड ट्रेन की अनदेखी कर गुमटी पार करने का प्रयत्न किया है। बताया जाता है कि घटना उस वक्त हुई जब युवक दुर्गा मेला का सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर लौट रहे थे । तभी तेज रफ्तार वंदे भारत ट्रेन के चपेट में सभी लोग आ गए जिसमें तीन की मौत मौके पर ही हो गई । जबकि एक की मौत इलाज के दौरान जीएमसीएच में हो गई। मौके पर रेलवे और प्रशासन के लोग मौजूद हैं। घटना की असली वजह जांच के बाद ही सामने आएगी।

बता दें कि जोगबनी से पाटलिपुत्र के बीच चलनेवाली वंदे भारत एक हाईस्पीड ट्रेन है। इसकी रफ्तार 130 किमी प्रति घंटे के करीब होती है। इसलिए जब भी यह ट्रेन गुजरती है तो आसपास के लोग अलर्ट हो जाते हैं।



# बरेली बवाल: जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट... ड्रोन से निगरानी



**बरेली।** शुक्रवार को जुमे की नमाज को देखते हुए जिले में फिर इंटरनेट सेवा शनिवार तक बंद कर दी गई है। पुलिस-प्रशासन की ओर से हाई अलर्ट भी जारी किया गया है। शहर में पुलिस-पीएसी और आरआरएफ के 8500 जवान तैनात किए गए हैं।

इनमें करीब छह हजार की तैनाती शहर में है। ड्रोन से छतों को खंगाला जा रहा है। शहर को चार सुपर जोन और चार स्पेशल जोन में बांटा गया है। शहर में बीते शुक्रवार को हुए बवाल के बाद से शांति कायम है। हालांकि पुलिस प्रशासन की कार्रवाई को लेकर आईएमसी कार्यकर्ता और जेल भेजे गए आरोपियों के पक्ष के लोग माहौल भड़काने की कोशिश में लगे हैं।

बवाल के दो दिन बाद इंटरनेट सेवा बहाल होने के साथ ही बड़े पैमाने पर आई विरोध प्रतिक्रिया से खुफिया अमले ने दोबारा से माहौल खराब होने की आशंका जताई है। बृहस्पतिवार को दशहरा के अवकाश के बावजूद आंतरिक तैयारियां जारी रहीं। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों व मिश्रित आबादी वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ाई गई है। अफवाह फैलाने की आशंका थी, इसलिए शासन स्तर से एहतियातन इंटरनेट सेवा बंद की गई है। अभी तक जो भ्रामक पोस्ट सोशल मीडिया सेल को मिलीं हैं, इन पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। एहतियातन बरेली जोन के आठ अन्य जिलों से आई पुलिस फोर्स और पीएसी को यहां रोका गया है।

**छतों पर तलाशेंगे पत्थर, 8 टीमें करेंगी निगरानी**

पिछले जुमे को बरेली में हुए बवाल के ड्रोन से बनाए गए वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अलर्ट है। शुक्रवार को ड्रोन से निगरानी करने वाली टीमों की संख्या आठ कर दी गई है। यह टीमें सुबह से ही संवेदनशील इलाकों के मकानों की छतों की तलाशी ड्रोन से लेंगी। शहर को चार सुपर जोन में बांटकर 225 मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है।

**पांच या उससे अधिक लोग दिखे तो होगी कार्रवाई**

एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा है कि 5 या उससे ज्यादा लोग कहीं भी अनावश्यक जुटेंगे तो वह कानूनी कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

शांति व्यवस्था को लेकर या कोई अन्य शिकायत या समस्या हो तो 0581-2422202 या 0581-2428188 पर फोन कर सूचना दें।

## भारत-चीन के बीच 26 अक्टूबर से शुरू होगी डायरेक्ट फ्लाइट

### 5 साल पहले कोरोनाकाल में बंद हुई थी



**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने पांच साल बाद एक बार फिर से सीधी उड़ानें शुरू करने का फैसला लिया है। यह कदम गालवान विवाद के बाद लंबे समय से तनावपूर्ण रिश्तों में सुधार की दिशा में अहम माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी औपचारिक घोषणा की। इसके तुरंत बाद एयरलाइन इंडिगो ने भी कहा कि वह 26 अक्टूबर से भारत और चीन के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स शुरू करेगी।

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि इस साल की शुरुआत से ही दोनों देशों के बीच रिश्तों को धीरे-धीरे सामान्य करने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में भारत और चीन के नागरिक उड्डयन प्राधिकरणों ने तकनीकी स्तर पर बातचीत की और एयर सर्विसेज एग्रीमेंट में संशोधन करते हुए सीधी हवाई सेवाओं को फिर से शुरू करने पर सहमति बनाई।

2020 में कोविड-19 महामारी फैलने के बाद भारत और चीन के बीच उड़ान सेवाएं रोक दी गई थीं। इसके तुरंत बाद गलवान घाटी की झड़पों के चलते भी सेवाएं बहाल नहीं हो सकीं। अब लगभग पांच साल बाद दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स दोबारा शुरू हो रही हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस साल की शुरुआत से ही दोनों देशों के नागरिक उड्डयन अधिकारियों के बीच सीधी उड़ानें बहाल करने और संशोधित हवाई सेवा समझौते पर तकनीकी स्तर पर बातचीत चल रही थी। पिछले महीने चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान यह ऐलान किया गया था कि भारत और चीन के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स दोबारा शुरू की जाएंगी। दोनों देशों ने पिछले एक साल में रिश्तों को सामान्य और स्थिर बनाने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। इसमें 2024 के अंत में देपसांग और डेमचोक सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया भी शामिल रही।

## सोनम वांगचुक की रिहाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची उनकी पत्नी गीतांजलि



**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने कहा कि वांगचुक की गिरफ्तारी गैर कानूनी है। उनकी तुरंत रिहाई होनी चाहिए। यह याचिका अनुच्छेद 32 के तहत डाली गई है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से सीधे हैबियस कॉर्पस (गलत तरीके से कैद किए व्यक्ति को रिहा कराने की मांग) की अपील की जाती है। वांगचुक को 24 सितंबर को लद्दाख में हुई हिंसा के बाद गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वे राजस्थान के जोधपुर जेल में बंद हैं। उनकी गिरफ्तारी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हुई है। पत्नी गीतांजलि आंगमो का कहना है कि वांगचुक को झूठे आरोपों में फंसाया गया है। उन पर पाकिस्तान से संपर्क रखने का आरोप भी लगाया गया, जो कि गलत है।



## 13 राज्यों में बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली: मॉनसून खत्म होने के बाद भी देश के कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने देश के 13 राज्यों में तेज हवा, घने बादल और तेज बारिश की संभावना जताई है। जिन राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया गया है उनमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक के कुछ हिस्से, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के इलाकों, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। ओडिशा के लगभग सभी हिस्सों में, खासकर तटीय और दक्षिणी क्षेत्रों में,बृहस्पतिवार रात से भारी बारिश हो रही है।

# कोलंबिया में राहुल बोले-आरएसएस और भाजपा की विचारधारा में कायरता

## कमजोर को मारते हैं, ताकतवर से डरते हैं; विदेश मंत्री कहते हैं चीन से कैसे लड़ें



**कोलंबिया।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में आयोजित द फ्यूचर इज टुडे कॉन्फ्रेंस में भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी विचारधारा के मूल में कायरता छिपी है। उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के 2023 में दिए एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने खुद कहा था कि चीन भारत से कहीं ज्यादा ताकतवर है और हम उससे कैसे लड़ सकते हैं। राहुल का कहना था कि इस सोच से साफ है कि ये लोग शक्तिशाली से भागते हैं और कमजोरों पर हमला करते हैं। यही भाजपा और आरएसएस का स्वभाव है। राहुल गांधी इन दिनों साउथ अमेरिकी देशों के 10 दिन के दौरे पर हैं। कोलंबिया के अलावा वे ब्राजील, पेरू और चिली भी जाएंगे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र पर लगातार हमला हो रहा है, संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है और विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की असली ताकत उसकी विविधता और लोकतंत्र है, लेकिन मौजूदा हालात में इन मूल्यों पर खतरा मंडरा रहा है। राहुल ने कहा कि सत्ताधारी दल चाहता है कि सभी संस्थाएं उनके मुताबिक काम करें, जबकि असहमति की आवाज को भी लोकतंत्र में जगह मिलनी चाहिए।

छात्रों के सवाल-जवाब के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत जैसे बड़े देश को रोजगार की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमें चीन से सीखना होगा कि प्रोडक्शन कैसे बढ़ाया जाए, लेकिन लोकतांत्रिक तरीके से। उनका कहना था कि केवल सर्विस सेक्टर पर निर्भर रहकर भारत तरक्की नहीं कर सकता। उन्होंने नोटबंदी और जीएसटी को देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार कुछ ही लोगों के हाथों में पूरी अर्थव्यवस्था सौंप रही है।

राहुल गांधी के इन बयानों पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। पार्टी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि जब मोदी सरकार में भारत मजबूत हो रहा है और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है, तब राहुल गांधी जलन और गुस्से में ऐसे बयान दे रहे हैं। ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी बार-बार विदेश जाकर भारत को बदनाम करते हैं। चुनाव हारते हैं तो चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करते हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 03 अक्टूबर, 2025


# हे मां ! मूर्ति विसर्जन में 13 युवक उटंगन में डूबे पांच की मिली लाश, बाकी की तलाश

## गांव कुसियारपुर में छाया मातम, बिलखता पिता, दहाड़े मारकर रोती मां, किसी ने खोया पति

एनएनआई

**आगरा।** उटंगन नदी में 13 युवकों के डूबने की दर्दनाक घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को गांव में मातम का माहौल और गहरा गया। सुबह होते-होते ग्रामीणों का सब्र टूट गया और उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतर कर विरोध जताया। इधर डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी ने शोक में खेरागढ़ में स्कूलों की छुट्टी के आदेश जारी किए हैं। कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। अभी तक पांच शव बरामद हो चुके हैं।

सुबह करीब 7 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण कागारौल चौराहा और ऊंटगीर चौराहा पहुंच गए और जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और आमजन को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को समझाया और आश्वासन देकर जाम खुलवाया। इधर सुबह 9 बजे एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। पीएसी के साथ मिलकर चार स्टीमर नदी में उतारे गए और गहराई में तलाशी अभियान शुरू किया गया। गोताखोर लगातार युवकों के शवों की तलाश कर रहे हैं। पुलिस-प्रशासन मौके पर डटा हुआ है और हालात पर नजर बनाए हुए है।

नवरात्र आते ही गांव कुसियारपुर के घरों में खुशी का माहौल था। दिवाली की तैयारी चल रही थी। मगर इससे पहले ही हादसे ने खुशियां छीन लीं। दो परिवारों के चिराग बुझ गए। किसी ने बेटा खो दिया तो किसी ने पति। दर्दनाक हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ था। दहाड़े मारकर रोती मां, बिलखते पिता और बेसुध हुई बहनों को देखने वालों के कलेजे कांप उठे। डूबने वालों को गांव के लोग और रिश्तेदार सांत्वना देते रहे। खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में बृहस्पतिवार को मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जित करने आए गांव कुसियापुर डुगरवाला के 13 युवक गहरे पानी में डूब गए। हादसे से अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक विष्णु को बचा लिया। डेढ़ घंटे बाद पुलिस की मदद से दो युवकों ओमपाल और गगन के शव निकाले गए जबकि देर रात एक अन्य किशोर मनोज का शव मिल गया।



शोक में डीएम ने खेरागढ़ में छुट्टी के जारी किए आदेश



यमुना में डूबे 17 वर्षीय अभिषेक के पिता कुंवरराज टेलर हैं। दो बहन 12 साल की सोनिया और 19 साल की आशिकी है। अभिषेक इंटर का छात्र था। बेटे के डूबने का पता चलने पर मां नीतू का हाल बेहाल हो गया। घटना की जानकारी पर मां-पिता और बहनें नदी किनारे पहुंच गए। आधी रात तक वहीं बैठे रहे। उन्हें बेटे के बाहर निकालने का इंतजार रहा।

15 वर्षीय सचिन उर्फ महावीर के पिता रामवीर सिंह मार्बल कारीगर हैं। वह दो भाई हैं। बड़ा भाई अंकित 18 साल का है। बहन खुशबू है।

20 वर्षीय वीनेश के पिता बब्बू उर्फ विजय सिंह किसान हैं। भाई लोकेश शादीशुदा है। दो बहनों में एक की शादी हो चुकी है। छोटी बहन वर्षा है। मां ममता देवी का रो-रोकर बुरा हाल था।

22 वर्षीय भगवती के पिता मुरारीलाल किसान हैं। भगवती की शादी को आठ महीने हुए थे। पत्नी चंचल को बुरा हाल था। भगवती का पता नहीं चल सका है।

16 वर्षीय ओकेश के पिता किशन सिंह किसान हैं। ओकेश छह भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मां शांति देवी रो रही थीं। कह रही थीं कि कोई बेटे को वापस ले आए।

20 वर्षीय गजेंद्र के पिता रेवती प्रसाद किसान हैं। गजेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटा है। इंटरमीडिएट का छात्र है। दो बहनों की शादी हो चुकी है। छोटी बहन आरती है।

15 वर्षीय दीपक के पिता सुकखन की 6 साल पहले बीमारी से मृत्यु हो गई थी।

## भाजपा बूथ अध्यक्ष के भतीजे की गोली मारकर हत्या, पुलिस ने संदिग्ध पकड़े...पूछताछ जारी

एनएनआई

**मथुरा।** छाता कस्बे के गोवर्धन फ्लाईओवर के नीचे रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर भाजपा के आजनौख बूथ अध्यक्ष के भतीजे को बदमाशों ने दशहरा को मध्य रात्रि गोली मारी दी। मौके पर युवक की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पुलिस फोर्स पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जानकारी के मुताबिक गांव आजनौख बूथ अध्यक्ष शुगर सिंह भतीजे अजीत (24) पुत्र जगदीश मे गोली मार दी। जिससे उसकी मौके



पर ही मृत्यु हो गई। अजीत गांव आजनौक से छाता दशहरा का मेला देखने आया था। मृतक के पिता ने बताया कि उनके बेटे के पास किसी का फोन आया था वह छाता गया था। तभी छाता मे ही उनके बेटे को गोली मारकर हत्या कर दी। अजीत के दो छोटे छोटे बच्चे भी हैं। वहीं हत्या के मामले मे चार लोगों का लिप्त होना बताया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। थाना अध्यक्ष कमलेश सिंह के अनुसार हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है और जो भी लोग हत्या में शामिल हैं। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## स्कूल बस की टक्कर से युवक की मौत

### पिता को बस स्टैंड छोड़कर घर लौट रहा था सुमित

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। प्रतापपुर रोड पर एक स्कूल बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई। मृतक की पहचान दिखतौली निवासी सुमित (पुत्र धर्मेंद्र उर्फ गुड्डू) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, सुमित सुबह अपने पिता को बाइक से बस स्टैंड छोड़ने गया था। पिता को छोड़ने के बाद वह घर लौट रहा था। इसी दौरान प्रतापपुर रोड पर एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।



हादसा इतना भीषण था कि सुमित गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिवारजन मौके पर पहुंचे और सुमित को कार से जिला अस्पताल फिरोजाबाद ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस काफी तेज रफ्तार से चल रही थी। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है।

# धोखाधड़ी में फंसे सीके गौतम

## आगरा कॉलेज के प्राचार्य के खिलाफ लोहा मंडी थाने में हुआ केस

एनएनआई

**आगरा।** धोखाधड़ी के मामले में आगरा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीके गौतम फंस गए हैं। उन पर पूर्व प्राचार्य डॉ. अनुराग शुक्ल ने फर्जीवाड़े के आरोप लगाए हैं। कहाकि फर्जी जाति और अंकतालिका बनवाकर नियुक्ति पा ली। इसके बाद प्राचार्य भी बन गए। मामले में एसटीएफ ने जांच की थी। अब लोहामंडी थाने में केस दर्ज कराया गया है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार का कहना है कि साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी।

विवेक नगर, प्रतापगढ़ निवासी डॉ. अनुराग शुक्ल आगरा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य हैं। उन्होंने डीजीपी को प्रार्थनापत्र दिया था। आरोप लगाया कि डॉ. सीके गौतम की नियुक्ति फर्जी तरीके से हुई है। उन्होंने फर्जी जाति प्रमाणपत्र और अंकतालिका का प्रयोग किया। इस मामले की जांच एसटीएफ के दो इंस्पेक्टरों से कराई गई। डॉ. सीके गौतम आगरा कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में वर्ष 1996 में नियुक्त हुए थे। इनकी नियुक्ति उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग की ओर से हुई है। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशक ने इन्हें आगरा कॉलेज में पदासीन किया। उन्होंने वर्ष 1990 में सेठ पीसी बागला महाविद्यालय, हाथरस से अंग्रेजी में एमए किया था। आगरा कॉलेज डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय से संबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. गौतम ने 471 अंक प्राप्त किए। इस तरह तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास की। इन अंकों के आधार पर उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया जा सकता है। एमए में कम से कम 55 प्रतिशत अंक आना अनिवार्य है। आरोप लगाया है कि डॉ. गौतम ने साक्षात्कार में शामिल होने के लिए तहसील सादाबाद, हाथरस से 20 मई 1995 को जाति प्रमाणपत्र बनवाया। इसमें उन्होंने अपनी जाति जाटव दशार्यी। यह उन्होंने उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के सचिव को प्राप्त कराया। इसमें कहा कि आवेदन करने की तिथि यह प्राप्त नहीं हो सका था। बाद में प्राप्त होने पर आयोग में प्रेषित किया।

**विश्वविद्यालय से गायब कर दिए गए चार्ट**

डॉ. गौतम ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर अंग्रेजी विषय के साक्षात्कार के लिए आमंत्रण प्राप्त किया। अपना चयन सामान्य वर्ग की सूची में कराया। चयन प्राप्त करने के उपरांत डॉ. गौतम ने अपना आवेदन पत्र संशोधित करके एमए के अंकों में हेरफेर किया। 1 हजार में से 572 अंक वाली अंकतालिका लगा दी। जिससे किसी को जाति प्रमाणपत्र की कहानी पता नहीं चले।

आगरा कॉलेज में उपलब्ध पत्रावलियों में फर्जी अंकतालिका लगी है। एमए की फर्जी अंकतालिका विश्वविद्यालय से जारी हुई है। मगर विश्वविद्यालय में इसका चार्ट गायब है। यह साजिश के तहत गायब कर दिए गए हैं। वह प्रिंसिपल बन गए।

**एसटीएफ ने खंगाले मूल दस्तावेज**

मामले की जांच एसटीएफ ने की। विश्वविद्यालय के साथ कॉलेज से रिकॉर्ड लिया गया। एसटीएफ को मूल प्रमाणपत्र मिल गए। इसमें फजीर्वाड़े की बात सामने आई। उनके एमए के शिक्षण संस्थान सेठ पीसी बागला महाविद्यालय में आज भी दस्तावेज उपलब्ध हैं। वर्ष 1990 के अंग्रेजी विषय के एमए के नॉमिनल रोल में 1989 में कुल 400 में से 168 अंक प्राप्त किए थे। जोकि मूल अंकतालिका में भी दर्ज है। बाद में फर्जी तरीके से अंकतालिका बनवाई। इसमें प्राप्त अंक 207 कर दिए गए। उधर, एसटीएफ उनके शस्त्र लाइसेंस की शिकायत पर भी जांच कर रही है।

### जाति प्रमाणपत्र और अंकतालिका पर उठाए सवाल



### जांच के लिए तैयार हूं

प्राचार्य डॉ. सीके गौतम ने कहा कि उनके खिलाफ लगाए जा रहे सभी आरोप निराधार हैं। अब तक विश्वविद्यालय की ओर से यह मामला लगभग 7 से 8 बार एसटीएफ को जांच के लिए भेजा जा चुका है। हर बार यही निष्कर्ष निकला है कि उनके शैक्षिक दस्तावेज एकदम सही हैं। बार-बार गलत आरोप लगाकर शिकायत की जा रही है। जांच के लिए तैयार हूं। विवेचक को सभी साक्ष्य दिए जाएंगे।

# घायल जूता कारीगर ने तोड़ा दम, अस्पताल कर्मियों से नोक-झोंक

एनएनआई

**आगरा।** थाना रकाबगंज क्षेत्र में माल रोड पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के पास बुधवार रात सड़क दुर्घटना में घायल जूता कारीगर तेलीपाड़ा निवासी शोएब (24) की बृहस्पतिवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से गुस्साए परिजनों की अस्पताल कर्मियों से नोक-झोंक और धक्का-मुक्की हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ताजगंज के तेलीपाड़ा निवासी शोएब (24) जूता कारीगर थे। उनकी एक साल पहले ही शादी हुई थी। उनके भाई समीर ने बताया कि शोएब बुधवार रात करीब 12:00 बजे अपने दोस्त को कैंट स्टेशन छोड़कर घर लौट रहे थे। माल रोड पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के पास अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग गया। उन्हें देख मदद के लिए राहगीर रुक गए। उन्होंने शोएब के फोन से घर फोन कर घटना की जानकारी दी।

उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भेज दिया। परिजन बेहतर इलाज के शहीद नगर स्थित उपाध्याय अस्पताल ले आए। यहां भी हालत में सुधार नहीं दिखा। परिजन सुबह किसी और अस्पताल में ले जाने की तैयारी करने लगे। इसी दौरान शोएब की मौत हो गई। परिजन अस्पताल कर्मियों पर बिफर पड़े। दोनों में धक्का मुक्की हो गई। मौके पर पुलिस आ गई। दोनों पक्षों को शांत कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# धोखा: परिचित को जमीन बेचना पड़ा महंगा

- बयाना देने के बाद नहीं दिए 1.57 करोड़ रुपये
- पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा, पुलिस जांच में जुटी

**आगरा एनएनआई।** सिकंदरा क्षेत्र में युवक ने अपने परिचित पर जमीन खरीदने के बाद बकाया 1.57 करोड़ रुपये न देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि जमीन पर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया। पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। गुरु तेग बहादुर कॉलोनी निवासी मनोज कुमार जादौन ने दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनका ककरैठा नीरव निकुंज में आवासीय भूखंड था जिसका क्षेत्रफल 399.104 वर्ग मीटर था। उनके दयालबाग के पायल एन्क्लेव निवासी आशीष गोयल से पारिवारिक संबंध थे। उनसे 2 करोड़ रुपये में उस जमीन को खरीदने का सौदा हुआ। विपक्षी को अस्सी लाख रुपये बैंक लोन चुकाना था। 1.20 करोड़ रुपये का भुगतान करना था। विपक्षी ने बायना 42.50 लाख रुपये ही दिए। शेष रकम 1.57 करोड़ रुपये नहीं दी। बाद में पता चला कि विपक्षी ने उस जमीन पर निर्माण कराकर बेचना शुरू कर दिया। 19 अगस्त को शाम 4 बजे वह विपक्षी के पास बकाया रुपये मांगने गए तो झगड़ा करने लगा। धमकी दी कि अगर फिर से आए तो जान से मार देगा।

# भीम आर्मी की बहुजन महापंचायत को पुलिस प्रशासन की 'लाल झंडी'

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

एनएनआई

**एत्मादपुर।** सांसद चंद्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी की युवा इकाई भीम आर्मी की रविवार को ग्राम पंचायत अरेला के डा.भीमराव आंबेडकर पार्क में प्रस्तावित मंडल स्तरीय बहुजन महापंचायत के आयोजन को पुलिस प्रशासन ने 'लाल झंडी' दिखा दी है। आयोजन संबंधी अनुमति न मिलने से कई दिनों से महापंचायत की तैयारियों में जुटे भीम आर्मी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मेहनत पर पानी फिर गया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन का पत्र मिलने के बाद भीम आर्मी के जिला संयोजक ने ग्राम अरेला में प्रस्तावित महापंचायत का आयोजन स्थगित किए जाने की घोषणा कर दी है।

भीम आर्मी के जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार रिंकू सेठ ने पांच अक्टूबर (रविवार) को थाना खंदौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत अरेला के डा भीमराव आंबेडकर पार्क में प्रातः दस से दोपहर दो बजे के बीच मंडलीय बहुजन महापंचायत आयोजित किए जाने की घोषणा बीते माह की थी। उन्होंने आयोजन संबंधी अनुमति के लिए 27 सितंबर को पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन को आवेदन पत्र सौंपा था। इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त (एत्मादपुर) के माध्यम से क्षेत्रीय थाना प्रभारी खंदौली से आख्या मांगी गई थी। जिस पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जाति विशेष के आयोजनों के संदर्भ में दिए गए आदेशों के अनुपालन एवं पुलिस कमिश्नरेट आगरा में लागू धारा-163 बीएनएसएस के दृष्टिगत प्रेषित आख्या में उक्त आयोजन की संस्तुति नहीं की गई है। सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारी खंदौली की असंस्तुति के आधार पर अधिकारियों ने भीम आर्मी के बहुजन महापंचायत के आयोजन की अनुमति संबंधी आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन का कल अनुमति नहीं दिए जाने संबंधी आदेश पत्र मिलने के उपरांत भीम आर्मी के जिला संयोजक ने महापंचायत स्थगित किए जाने की घोषणा कर दी है।

- जातीयता के आयोजनों पर रोक और निषेधाज्ञा का हवाला देकर किया अनुमति देने से मना
- ग्राम पंचायत अरेला के आंबेडकर पार्क में रविवार को प्रस्तावित थी मंडल स्तरीय महापंचायत

# यमुना में दो युवक डूबे, पुलिस कर रही तलाश

**आगरा एनएनआई।** ताजमहल के पास के एक गांव में पांच युवक यमुना में नहाने पहुंचे। जिसमें से दो युवक यमुना में डूब गए हैं। पुलिस मौके पर पहुंच गई और गोताखोर यमुना में उतार दिए हैं। सोशल मीडिया पर तीन युवकों के डूबने की बात कही जा रही है लेकिन पुलिस का कहना है दो ही युवक डूबे हैं।

इंस्पेक्टर ताजगंज जसवीर सिरोही ने बताया करबना के रहने वाले ऋषभ और प्रियांशु गुरुवार को नगला तल्फी में यमुना किनारे पहुंचे थे। वह पानी में अंदर चले गए। नहाते-नहाते वो यमुना के बीच में पहुंच गए। तेज बहाव में पहुंच गए। अचानक सभी दोस्त एक साथ डूबने लगे। पानी का बहाव ज्यादा था वह बहते हुए चले गए। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचा दिया और पुलिस को सूचना दे दी।पुलिस मौके पर पहुंच गई। तीन युवकों को बचा लिया गया। बाकी के दोनों को खोजने के प्रयास किए जा रहे हैं। दोनों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं उनका रो-रो कर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर का कहना है दोनों की तलाश जारी है। पुलिस का यह भी कहना है कि युवक मूर्ति विसर्जन के दौरान नहीं डूबे हैं।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान दो गुटों में जमकर मारपीट

एनएनआई

**आगरा।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो गुटों में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिसमें सड़क पर लहू लुहान लोग और हाथ में हथियार लेकर हमला करने को तैयार लड़के दिख रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यमुना किनारा रोड पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए अस्थायी कुंड बनाए गए हैं। शहर भर से लोग यहां प्रतिमा विसर्जन के लिए पहुंच रहे हैं। मेटोडोर, ऑटो, ई-रिक्शा में लोग नाचते गाते प्रतिमा विसर्जन के लिए रंग उड़ाते पहुंच रहे हैं।

इसी दौरान दो गुटों में किसी बात पर विवाद शुरू हुआ। एक पक्ष के लड़के हाथ में डंडे, बेल्टें लिए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान दोनों पक्षों के लोगों को चोटें लगी हैं। सड़क पर लहू लुहान आदमियों को संभालती महिलाएं दिख रही है। एक पक्ष ने युवक को बीच सड़क पर डालकर पीटा है।यह पूरी घटना आगरा किले के पीछे हुई है। किले के पास पेड़ों से लड़के टहनियां तोड़कर लड़ने पहुंचे। महिलाएं बाद में घायलों को ऑटो में लेकर गईं। इस पूरी घटना के दौरान पुलिस नहीं पहुंची। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। पुलिस के पास अब तक कोई शिकायत नहीं पहुंची है।

**सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो हुआ वायरल**

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 03 अक्टूबर, 2025


# दशानन का घमंड हुआ खाक

## अट्टहास करते हुए रावण के धराशायी होते ही जमकर हुई आतिशबाजी






- रामलीला मैदान में श्रीराम और रावण की सेना के बीच हुआ भीषण युद्ध

एनएनआई

**आगरा।** भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच भीषण घमासान के दौरान रघुवंश शिरोमणि श्रीराम ने रामलीला मैदान में गुरुवार को जैसे ही दशानन का वध किया वैसे ही श्रीराम के गगनभेदी जयघोष गूंज उठे। आतिशी धमाकों ने श्रीराम की विजय का संदेश दसों दिशाओं में पहुंचा दिया। बैंड बाजों की धुनों ने माहौल में खुशियां बिखेर दीं। आतिशबाजी के नजारों ने विजय की प्रसन्नता को झिलमिला दिया और उसके बाद धू धू करके रावण का पुतला जल कर कुछ ही देर में राख हो गया। हर वर्ष की भांति आतिशबाजी का शानदार मुकाबला देखने समूचा आगरा उमड़ पड़ा था। रात्रि साढ़े दस बजे आतिशबाजी का मुकाबला शुरू होने तक रामलीला मैदान हर ओर से खचाखच भर चुका था। मैदान में अलीगढ़ के मोहन और मथुरा के अजय थे। दोनों ने ही एक के बाद एक आतिशबाजी के नजारे दिखाए। कभी आसमान लाल हो जाता तो कभी प्रकाश की किरणें छा जातीं। कभी आसमान में एक साथ धमाके होते तो कभी आसमान से मोती झरने लगते। आतिशी झरनों ने भी सभी का दिल जीत लिया। आतिशबाजी से बने अनेक संदेश भी दिये गए। इस मुकाबले के निर्णायक मंडल मध्यवर्ती चबूतरे पर विराजमान थे। श्रीराम लीला में गुरुवार का दिन बहुत खास था। प्रवेश द्वार को विद्युत झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूरा मैदान झिलमिला रहा था। सांझ होते ही हजारों कदम रामलीला मैदान में पहुंचने लगे। राम मंच पर संक्षिप्त मंचन के बाद राम और रावण का घमासान युद्ध मैदान में होने लगा। एक रथ पर झिलमिलाते सूर्य के मुकुट को धारण किए रघुनंदन और शेषनाग का मुकुट पहने लक्ष्मण जी विराजमान थे, दूसरे पर काले कपड़े पहने रावण और उसकी सेना थी। दोनों ओर से घमासान युद्ध हुआ। तीरों की बौछार हुई। राम की सेना जय श्रीराम और रावण की सेना दशानन के जयघोष करते हुए युद्ध कर रही थी। इस रोमांचकारी युद्ध का नजारा लाखों लोग देख रहे थे। मैदान के चक्कर लगाने के बाद यह दोनों सेनाएं मध्यवर्ती चबूतरे पर पहुंच गईं। यहां फिर से युद्ध हुआ तलवार खनकती रहीं, भाले चलते रहे और अंत में प्रभु श्रीराम ने रावण का वध कर दिया रावण का वध होते ही आतिशी धमाके गूंज उठे। बैंड बाजों ने खुशी की धुनें निकाली और हर ओर जय श्री राम-जयश्रीराम के उद्घोष गूंज उठे मंच पर प्रभु श्रीराम की आरती करने वालों में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, महामंत्री राजीव अग्रवाल, भगवान दास बंसल, विजय प्रकाश गोयल, ताराचंद, संजय तिवारी, मुकेश जौहरी, मनोज अग्रवाल, विनोद जौहरी, प्रवीन गर्ग, महेश चन्द, प्रवीन स्वरूप, विष्णु दयाल बंसल, आनंद मंगल, मोहित गोयल, मनोज, प्रकाशचंद, अंजुल बंसल, रामांशु शर्मा, राम राहुल शर्मा मनीष शर्मा हृदयेश गोस्वामी, रामाशीष शर्मा, सोनू शर्मा, सौरभगौतम, दिलीप कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, गिरधर शरण अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, बॉबी, निक्की जौहरी, राहुल गौतम थे।

# दशहरा महोत्सव में दिखा धर्म और देशभक्ति का संगम

## 80 फुट ऊंचे रावण दहन ने बटोरी वाहवाही




एनएनआई

**आगरा।** दशहरा मेला स्वागत समिति द्वारा आयोजित 43वां दशहरा महोत्सव गुरुवार को सेंट जॉन्स चौराहा स्थित वैश्य बोर्डिंग हाउस पर भव्य तरीके से संपन्न हुआ। विजयदशमी के इस अवसर पर धर्म, संस्कृति और देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। 80 फुट से अधिक ऊंचे रावण का दहन और तिरंगे रंगों से सजी आतिशबाजी मेले का मुख्य आकर्षण रही। उद्घाटन मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र गर्ग और किशोर नारायण खन्ना ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस वर्ष का महोत्सव विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित रहा। रावण दहन से पहले आकाश में चमकी आतिशबाजी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 21 तोपों की सलामी के साथ हुए आतिशबाजी प्रदर्शन ने सभी को देशभक्ति के भाव से भर दिया। विशिष्ट अतिथि केंद्र राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, विधायक योगेंद्र उपाध्याय, राज्य सभा सांसद नवीन जैन, एमएलसी विजय शिवहरे, पार्षद अर्चना लावनिया रहे। महोत्सव के अध्यक्ष राजीव कांत लवानिया ने बताया कि रावण की ऊचाई और आतिशबाजी का स्तर अब तक का सबसे भव्य रहा। हेमेंद्र कुलश्रेष्ठ ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ, डॉ. मुकुल पांडे और डॉ. देवाशिष भट्टाचार्य को पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। खेल और बौद्धिक दक्षता के क्षेत्र में योगदान देने वाले पूर्व क्रिकेटर बलदेव भटनागर और केबीसी में करोड़पति बनीं दिव्यांग हिमानी बुंदेला को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। जुगल चतुर्वेदी ने बताया कि क्षेत्र के सबसे वरिष्ठ नागरिक राजपाल सिंह चौहान और सुभद्रा चौहान को वृद्धजन सम्मान से नवाजा गया। मेले में एमएस ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। गायक दिनेश श्रीवास्तव की मधुर आवाज ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा मेले में छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया तथा मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर व्यवस्थाएं विनय जैन, ओम शर्मा, विनय शर्मा मुकुल कुलश्रेष्ठ, रमन गुप्ता, मनीष गर्ग, कपिल नागर जसवंत बघेल रविंद्र बंसल, तरुण अग्रवाल, , अखिल अग्रवाल, आशीष लवानिया, दिनेश वर्मा मीडिया प्रभारी मोहित चतुर्वेदी आदि ने संभाली।

# सियाराम और वीर बजरंगी के जयकारों संग निकली दशहरा शोभायात्रा

- श्रीराम व लक्ष्मण के स्वरूपों की आरती से शुरू हुई शोभायात्रा
- जगह-जगह पुष्प वर्षा व आरती कर किया गया स्वागत

एनएनआई



**आगरा।** शंखनाद और सियाराम के उद्घोष के साथ वीर हनुमान के गूंजते जयकारे। हाथों में आरती का थाल और स्वागत के लिए पुष्प लेकर अनुज लक्ष्मण संग विराजमान भगवान राम की आरती के लिए इंतजार करते श्रद्धालु। यह नजारा था। जटपुरा लोहा मंडी से निकलने वाली दशहरा शोभायात्रा का। 70 आकर्षक झांकियों संग ढोल नगाड़ों और बैंडबाजों संग शोभायात्रा का शुभारम्भ भगवान राम व लक्ष्मण की आरती कर समाजसेवी सुरेशचंद गर्ग, मुकेश जैन, रिंकेश अग्रवाल, आयोजन समिति के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने किया। हाथ में सोठा लिए श्रीराम की वानर सेना और तलवार लिए रावण की राक्षस सेना का सजीव युद्ध हुआ। वहीं रथ पर अनुज लक्ष्मण संग विराजमान भगवान राम और रावण के बीच भीषण युद्ध की झांकी हर श्रद्धालु को आकर्षित कर रही थी। अनुज लक्ष्मण संग श्रीराम का डोला और वानर सेना जो रावण सेना से सुद्ध करते चल रहा थे। शोभायात्रा तोता का ताल, लोहामंडी बाजार, राजामंडी, एमजी रोड से होती हुई सेंट जोंस चौराहे पर पहुंची। जहां रावण दहन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष विनय अग्रवाल, महेन्द्र खंडेलवाल, तरुन सिंह, शरद चौहान, राजपाल यादव, हेमन्त प्रजापति, संजय अग्रवाल, रामदास कटारा, दीपक अग्रवाल, प्रेमा वर्मा, विक्रांत सिंह, दीपक सिंह, मौनी पारीक, टीटू पंडित, गणेश बंसल, अंबुज अग्रवाल, प्रियाकांत बंसल, पुष्पेंद्र सिंह ,शुभम सिंह, शिवम मिश्रा, अरिहंत जैन, राकेश राजपूत, रोहित शर्मा, संतोष अग्रवाल, तुषार दीक्षित, आशीष जैन, शिव अग्रवाल ,अमित जैन हर्ष यादव, वीरेंद्र अग्रवाल विनोद अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, विजय अग्रवाल, विकास गुप्ता, रवि गुप्ता, रीतेश अग्रवाल, कामता प्रसाद अग्रवाल, विपिन चौधरी, संजय सिंघल, मुरारीलाल गोयल, अनिल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अनिल जैन, ब्रजेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल ,मुरारी प्रसाद अग्रवाल, पंकज गोयल, राजीव जयराम, मनीष अग्रवाल, महेन्द्र गोयल, रोबिन जैन, प्रवीन उपाध्याय, हरिओम मित्तल, शकुन बंसल, कौशल सिंघल, गौरव बंसल, सोहेल सरीन, नरेश सिंघल, विनोद वर्मा, विपिन चौधरी, दिनेश पाठक, लखपतलाल अग्रवाल, कमल अग्रवाल, महेश राजपूत, श्यामानन्द लोधी, लक्ष्मी नारायण कटेरिया, मटरू सिंह, रामकिशन अग्रवाल, राहुल चतुर्वेदी, सुरेन्द्र सिंह, ब्रजकिशोर अग्रवाल, वीपी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# लायंस विशाल ने दशहरे पर रखी चेरिटेबल आई हॉस्पिटल की नींव

- अरतौनी में हॉस्पिटल के लिए हुआ भूमि पूजन

एनएनआई



**आगरा।** लॉयंस क्लब विशाल द्वारा दशहरे पर अरतोनी में विशाल वेलफेयर होम चेरिटेबल आई हॉस्पिटल की भूमि पूजन के साथ नींव रखी। इस अवसर पर लॉयंस क्लब इंटरनेशनल के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर जितेंद्र चैहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने कहाकि चैरिटेबल आई हॉस्पिटल की आधारशिला समाज सेवा की सच्ची भावना का प्रतीक है। नेत्र चिकित्सा एक ऐसी जरूरत है, जिससे लाखों लोग प्रभावित होते हैं। खासकर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग। इस प्रकल्प के माध्यम से अनगिनत लोगों को रोशनी की नई किरण मिलेगी। यह हॉस्पिटल सेवा, करुणा और उत्कृष्ट चिकित्सा का केंद्र बनेगा।

अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि क्लब का उद्देश्य निर्धन और वंचित वर्ग को सुलभ और निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह चेरिटेबल आई हॉस्पिटल अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा और यह वर्ष 2027 तक चालू हो जाएगा। कोषाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने कहाकि यह हॉस्पिटल न केवल चिकित्सा सेवा का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज सेवा की दिशा में एक नया मील का पत्थर साबित होगा। अजय मनचंदा ने बताया कि अरतोनी क्षेत्र में यह भूमि कई वर्ष पूर्व क्लब द्वारा खरीदी गई थी। अब इस पर आधुनिक नेत्र चिकित्सालय का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर क्लब द्वारा ताजगंज स्थित कुष्ठाश्रम में दैनिक आवश्यकताओं का सामान भेंट किया गया । इस इस अवसर पर हेमेन्द्र अग्रवाल, रवीन्द्र अग्रवाल, सुशील कपूर,राकेश अग्रवाल,मनोज अग्रवाल,प्रमोद

# आगरा में आज से शुरू हो रही राष्ट्रीय प्राकृत संगोष्ठी

## तीन दिवसीय संगोष्ठी में स्थाना, सूत्र पर होगा गहन विचार-विमर्श

- देश भर के प्राकृत भाषा के विद्वान जुटेंगे, प्रस्तुत होंगे शोध पत्र

एनएनआई

**आगरा।** भारत की प्राचीन जनभाषा प्राकृत को पुनर्जीवित करने और उसके गूढ़ ज्ञान को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय प्राकृत संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार से महावीर भवन जैन स्थानक न्यू राजा की मंडी कॉलोनी में शुरू हो रहा है। पांच अक्टूबर तक चलने वाली इस संगोष्ठी की मेजबानी आगरा कर रहा है। मीडिया समन्वयक विवेक कुमार जैन ने बताया कि संगोष्ठी का शुभारंभ शुक्रवार 3 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे राज्यसभा सांसद नवीन जैन द्वारा किया जाएगा। मुख्य वक्ता विहिप के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेन्द्र जैन और विशिष्ट अतिथि काशीनाथ न्यौपाने और श्रुत रत्नाकर ट्रस्ट, अहमदाबाद के संस्थापक निदेशक डॉ. जितेन्द्र भाई शाह होंगे।

संगोष्ठी का केंद्रीय विषय स्थानाङ्गसूत्र है जो जैन आगम साहित्य का महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इसमें ज्ञान, दर्शन, मनोविज्ञान, खगोलशास्त्र और जीवन मूल्यों की गहन विवेचना की गई है। संगोष्ठी में देशभर से 50 से अधिक प्राकृत भाषा के विद्वान और शोधकर्ता भाग लेंगे। 36 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे, जो स्थानाङ्गसूत्र के विविध पहलुओं को आधुनिक दृष्टिकोण से समझने का प्रयास करेंगे। संगोष्ठी में जैन मुनि आगम ज्ञान रत्नाकर, बहुश्रुत जय मुनि और गुरु

# गांधी जयंती पर आगरा मंडल में ली स्वच्छता की शपथ




- रेलवे के स्काउट-गाइडों से निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली
- श्रमदान और नुक्कड़ नाटकों से गंदगी हटाने की दी सीख

एनएनआई

**आगरा।** रेलवे के स्वच्छता पखवाडे का समापन गुरुवार को गांधी जयंती पर हुआ। मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल ने राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय आगरा छावनी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सभी अधिकारियो को कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता ही सेवा पर जोर दिया गया। इसके अलावा आगरा रेल मंडल के सभी डिपो, कार्यालयों और स्टेशनो पर स्वच्छता शपथ दिलाई गई। रेलवे स्काउट्स और गाइड्स द्वारा निकाली गई स्वच्छता जाग रूकता रैली को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली मंडल रेलवे प्रबंधक कार्यालय से शुरू होकर आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। वहीं मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल ने अधिकारियों और कर्मचारियों संग आगरा छावनी स्टेशन पर श्रम दान किया। नुक्कड़ नाटक के जरिए गन्दगी को हटाने को रोचक ढंग से रेलवे के कलाकारों द्वारा प्रदर्शित किया गया। मथुरा सहित अन्य स्टेशनों पर भी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक किया गया। इस मौके पर बडी संख्या में रेलवे के कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिलाएं रखें अपनी सेहत का बेहतर ध्यान

**आगरा रेल मंडल में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का हुआ समापन**



**आगरा (एनएनआई)।** रेलवे द्वारा एक पखवाडे तक चलाए गए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का समापन गुरुवार को गांधी जयंती पर हुआ। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य की व्यापक जांच और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरुक करना था। मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर प्रसाद के नेतृत्व में हुए इस अभियान के समापन वीआईपी लाउन्ज, आगरा कैंट पर रेलवे के विभिन्न विभागों की महिला सफाई कर्मियों और कर्मचारियों को स्वास्थ्य किट प्रदान की गई। मासिक धर्म स्वच्छता और साफ- सफाई के प्रति जागरूक किया गया। ताकि वे अपनी सेहत का बेहतर ध्यान रख सकें। साथ ही मासिक धर्म से जुड़े भ्रम और सामाजिक वर्जनाओं को दूर करने का प्रयास किया गया। महिलाओं को स्वच्छता आदतों के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि यदि महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो आने वाली पीढ़ियां भी स्वस्थ और सशक्त होंगी। इस मौके मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय शंकर प्रसाद, सहायक मंडल चिकित्सक अधीक्षक डॉ. शोभा दयाल, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव चुघ, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्वतिका, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक कु. गार्गी उमराव, मंडल परिचालन प्रबंधक और जनसंपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव के अलावा आगरा रेल मंडल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संघ के चिकित्सक वर्ग ने मनाया विजय दशमी पर्व



**आगरा (एनएनआई)।** अहिंसा पार्क जयपुर हाउस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयदशमी उत्सव मनाया गया। सभी चिकित्सक संघ के गणवेश में उपस्थित हुए। इस दौरान शस्त्र पूजन किया गया। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में सभी विधा के चिकित्सक उपस्थित हुए। अध्यक्षता डॉ. आरसी मिश्रा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि डॉ. एएस सचान रहे। सभी ने संघ के 100 वर्ष के कार्यों की प्रशंसा की। डॉ. आरसी मिश्रा ने कहाकि संघ में समाज को जागृत किया जाता है। कहा कि संघ 100 वर्ष का हुआ है और उसकी गति और बढ़ाने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता संघ प्रचारक विजय जी ने संघ की 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा का वर्णन किया। इस दौरान डॉ. अरविंद अग्रवाल, डॉ. अतुल कुलश्रेष्ठ, डॉ योगेश बिंदल, डॉ. ऋषि महाजन, डॉ. राकेश मोहनिया, डॉक्टर योगेश शर्मा, डॉक्टर पंकज नारायच, डॉक्टर मयंक महाजन द्वारा किया गया, संचालन डॉक्टर योगेश बिंदल द्वारा किया गया कार्यक्रम स्थल व्यवस्था की जिम्मेदारी डॉक्टर ऋषि महाजन आदि मौजूद रहे।



# जयंती पर गांधी जी और शास्त्री जी को किया नमन

## शहर में सरकारी कार्यालयों, सामाजिक संगठनों, विवि में महापुरुषों को किया नमन



### एक सप्ताह के लिए एक बुराई छोड़ने का लें संकल्प

एनएनआई

**आगरा।** मण्डल आयुक्त सभागार में महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मण्डल आयुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह जी और अपर आयुक्त न्यायिक श्रीमती कंचन शरन जी द्वारा गांधी जी और शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। ताजगंज नगर निगम की छात्राओं द्वारा रघुपति राघव राजा राम और वैष्णव जन तो तेने कहिए, जे पीड़ परायी जाने रे भजन की संगीतमयी प्रस्तुति दी गयी। छात्राओं ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन इतिहास के बारे में जानकारी दी। आयुक्त ने सभी को बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हर इंसान के अंदर अच्छाई और बुराई के बीच द्वंद्व चलता है।

हमें प्रयास करना चाहिए कि हम बुराइयों से बचें और अच्छाई का मार्ग अपनाएं। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोविंद वर्मा, पदम चंद मिश्रा, एडवोकेट रामचंद्र मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी बृजेंद्र चाहर आदि मौजूद रहे।

### विवि में हुआ सेमिनार, स्वच्छता को अपनाया

**आगरा** एनएनआई। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के गांधी अध्ययन केंद्र एवं समाज विज्ञान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में को हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी, गांधी अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. राजेश कुशवाहा, समाज विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. मो. अरशद और विधि संकाय के समन्वयक डॉ. राजीव वर्मा ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया।

इससे पूर्व कुलपति प्रो. आशु रानी एवं कुलसचिव अजय मिश्रा ने समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के साथ पालीवाल पार्क परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया



तथा गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। इसके उपरांत विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने संविधान विषय पर गीत और भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ. राजीव वर्मा, प्रो. रणवीर सिंह, प्रो. संजय चौधरी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. भूपेंद्र स्वरूप, डॉ अंकुर जैन, प्रो. लवकुश मिश्रा, डॉ. मो. हुसैन, प्रो. रजनीश अग्निहोत्री सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं विजय, आरंश, तान्या, निखिल, प्रियंका, रिया, संजय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवम गुप्ता ने किया।

### सपाइयों ने किया गांधी जी-शास्त्री जी को याद

**आगरा** एनएनआई। समाजवादी पार्टी जिला आगरा कार्यालय फतेहाबाद रोड़ पर जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा जी की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई जयंती पर वरिष्ठ नेताओं कार्यकताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन जिला महासचिव सुरेन्द्र चौधरी ने किया।

जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा एवं महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद



निसार ने संयुक्त रूप से कहा गांधी जी केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे। वो एक समाज सुधारक भी थे। हर गांधी जयंती हमें याद दिलाती है कि गांधी जी के विचारों और उनके दिखाए गए मार्ग को अपनाकर हम क्या कुछ हासिल कर सकते हैं। लाल बहादुर शास्त्री जी के बारे में कहा की वे स्नातक स्तर तक की शिक्षा समाप्त करने के पश्चात वे भारत सेवक संघ से जुड़ गये और देश सेवा का व्रत लेते हुए यहीं से अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत की। कार्यक्रम में पवन प्रजापति, सत्येंद्र यादव, रामसेवक अघवारिया, पप्पू यादव, संतोष पाल, शंभू नाथ वर्मा, अखिलेश, यादव देवेंद्र यादव, आदिल मिर्जा, अरविंद यादव मनीष कुमार, संजय खान,सोनेलाल कश्यप राजेश वर्मा, विधायक शर्मा उपस्थित रहे।

### एसएन में डॉक्टरों ने किया महापुरुषों को याद

**आगरा** एनएनआई। एस एन मेडिकल कॉलेज में महात्मा गांधी जी की 156वीं और श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 121वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों, रेजिडेंट डॉक्टरों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय पुस्तकालय भवन के सामने प्रधानाचार्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके बाद एल.टी.-4 में दीप प्रज्वलन और गांधी जी एवं शास्त्री जी की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।



इस अवसर पर एसआईसी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भी माल्यार्पण किया गया ।

छात्र-छात्राओं द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन प्रस्तुत किए गए। एमबीबीएस-2022 के छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी जी के जीवन और आदर्शों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला, जबकि एमबीबीएस-2021 के छात्र ने लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन के प्रेरणादायक पहलुओं पर प्रकाश डाला।

### बापू के भजन और देशभक्ति गीतों से गुनगुनाई जिंदगी

एनएनआई

**आगरा।** गांधी जयंती के अवसर पर महिला शांति सेना व आचार्यकुल आगरा द्वारा गांधी स्मारक, एतमातुद्दौला के पास एक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बापू के भजन व देश भक्ति के गीतों को गुनगुनाती जिंदगी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया। चंद्रा मेहरोत्रा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया, संस्था अध्यक्ष वत्सला प्रभाकर द्वारा अतिथियों का परिचय दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रिगेडियर विनोद दत्ता, भुवनेश श्रोतिया व पूर्व भाजपा पार्षद दीपक खरे द्वारा किया गया। सबसे पहले ललिता करमचंदानी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। उसके पश्चात



बापू का प्रिय भजन वैष्णव जन प्रस्तुत किया गया। उसके उपरांत डॉ आशीष त्रिपाठी द्वारा गीत जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया व रश्मि त्रिपाठी द्वारा गीत दे दी हमे आजादी बिना खड़ग बिना ढाल प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का अंत मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे व ऐ मेरे वतन के लोगो द्वारा किया गया। धन्यवाद शीला बहल द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम में आनंद राय, शाहतोष गौतम, वेद त्रिपाठी, अमिता त्रिपाठी, कुंदनिका शर्मा, समी अघाई, शरद गुप्ता, अदिति कात्यायन, विधु दत्ता, विशाल शर्मा, राम आदित्य, अर्निका, आदि उपस्थित रहे।

### केपीआईएमएस में शुरू हुई रोबोटिक सर्जरी

एनएनआई

**आगरा।** केपी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, में डॉ. एस.पी. सिंह बघेल, केंद्रीय मंत्री द्वारा रोबोटिक सर्जरी का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक केपी अग्रवाल, चेयरमैन संजय अग्रवाल, डायरेक्टर अक्षय अग्रवाल, सीईओ कुणाल सिंघल, डॉ. दिनेश गर्ग, डॉ. समीर तनेजा, डॉ. विनीत चौहान, डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. राहुल सहाय, डॉ. अरुण गुप्ता, डॉ. अभिषेक गुप्ता तथा मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अरुण कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री डॉ. एस.पी. सिंह बघेल ने अपने प्रेरणादायी मार्गदर्शन और उद्बोधन के माध्यम से आगरा से



स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे विकास और आधुनिक तकनीक की महत्ता को रेखांकित किया। वरिष्ठ आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. अरुण गुप्ता ने रोबोटिक सर्जरी के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह तकनीक सटीक, सुरक्षित एवं व्यक्तिगत रोगी की आवश्यकता अनुसार उपचार उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि रोबोटिक सर्जरी से रोगियों को कम दर्द, तेज रिकवरी और बेहतर जीवन गुणवत्ता जैसी सुविधाएँ मिलती हैं।

# पंजाबियों पुरुषार्थियों ने विजयदशमी पर पर किया शस्त्र पूजन




एनएनआई

**आगरा**। पंजाबी संगठन अर्जुन नगर एवं पंजाबी विरासत के तत्वाधान में माया रानी इंटर कॉलेज में अपनी शौर्यता का प्रतीक शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परमात्मा सिंह अरोड़ा ने की एवं अतिथियों को अंग वस्त्र एवं हार पहना कर स्वागत किया।

डॉ कृष्ण गोपाल कपूर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शस्त्र पूजन की आवश्यकता क्यों है क्योंकि हमारे इष्ट भले भगवान राम हो या या श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी हो या श्री गुरु गोविंद सिंह जी सभी ने मौका पढ़ने अपने शस्त्र उठाए। पंजाबी विरासत के महामंत्री बंटी ग्रोवर ने बताया कि इस कार्यक्रम का मकसद ये संदेश देने के लिए शस्त्रों का उद्देश्य धर्म के मार्ग पर चलने के लिए है। इसमें पंजाबी विरासत संरक्षक चरणजीत थापर, डॉ पंकज महेंद्रू, अशोक चोपड़ा,संजय खन्ना, राना रंजीत सिंह,विनोद खन्ना ,संजय खन्ना, वरुण चोपड़ा पुष्पराज राठी राकेश आहूजा प्रवीन चोपड़ा, सुंदर कौर बिंदु राठी मनप्रीत कौर सिंह मीडिया प्रभारी भूपेश कालरा ,जगदीश बत्रा राजेंद्र कत्याल,उपस्थित रहे। इससे पूर्व हवन हुआ एवं छोटे छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मंच का संचालन सुमन खन्ना ने किया।

## शिव सैनिकों ने भी पूजे शस्त्र



**आगरा** एनएनआई । शिव सेना द्वारा विजयदशमी के पर्व पर शहर में अनेकों कार्यक्रम तय किये सेन्ट जोन्स चौराहे पर हनुमान चालिसा का पाठ किया। लाल किया अमर सिंह गेट के सामने स्थित शिवाजी की प्रतिमा पर माल्य अर्पण किया।पार्टी कार्यालय को फूलों से दुल्हन की तरह सजा रखा था। पूरा वातावरण भगवामय था। कार्यालय पर जिला प्रमुख वीनू लावानिया नेतृत्व में शस्त्रों को रोरी का तिलक, चावल कलावा बान्ध कर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। हिन्दुत्व की रक्षा का संकल्प लें, मिष्ठान वितरण किया, जोर जोर से नारेबाजी करते हुए जय भवानी जय शिवाजी जिन्दाबाद के। आज शिवसैनिकों ने इन शस्त्रों को पूजा है उन्ही शस्त्रों से हिन्दू देवी-देवताओं व हिन्दु विरोधीओं को पराजय करेंगें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रमुख वीनू लावानिया उप प्रमुख कमल गुलाटी, उप प्रमुख विनायक माने, रिंकू गोला, महावीर गोला, रश्मी वर्मा, राकेश सचदेवा, अरून कुमार, सुमित कुमार, अंजली माहोर, काजल कुमारी, बबली कुमारी, दीपक, पीके छत्रपति आदि उपस्थित रहे।

# मां की 'विदाई' को उमड़ी 'श्रद्धा'

- धूमधाम से निकाली गई देवी प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्राएं
- रात्रि तीन बजे तक शेरावाली के जयकारों से गूंजती रही राहें

एनएनआई



**एत्मादपुर**। आदिशक्ति की उपासना के शारदीय नवरात्र की पूणाहुति संग असत्य पर सत्य की जीत के उत्सव दशहरा की बीती रात नयनाभिराम दुर्गा प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्राएं धूमधाम से निकाली गईं तो नगर की सड़कों पर मां को विदा करने आस्थावान श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जगमग सजे नगर में रात्रि तीन बजे तक राहें माता के जयकारों से गूंजती रहीं। भक्तिमय भजनों पर झूमते युवाओं ने खूब चटक गुलाल उड़ाया। रामलीला में रावण दहन के बाद निकालीं गईं प्रतिमा विसर्जन शोभायात्राओं में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही। देवी प्रतिमाओं की सकुशल विदाई के दौरान पुलिस भी मुस्तैद रही। प्रतिमा विसर्जन आज सुबह गंगा-यमुना आदि नदियों में किया गया। लगभग एक दर्जन प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्राएं आरंभ होने का सिलसिला रात्रि दस बजे श्रीमहेंद्रभान विमला देवी गर्ल्स इंटर कालेज से हुआ। सबसे पीछे नगर माता पथवारी की झांकी चल रही थी। सभी झांकियों के साथ साउंड सिस्टम लगीं गाड़ी और उनके आगे श्रद्धालुओं की भीड़ थी। थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल संग महिला सिपाही भी सुरक्षा के लिहाज से तैनात थीं। मार्ग में जगह-जगह भक्तों ने माता की आरती उतारकर विदाई दी। तकिया मस्जिद मार्केट क्षेत्र के दुकानदारों ने मुस्ताक साका फारूकी के नेतृत्व में कमेटी प्रमुख एवं संभ्रांतजनों के मस्तिष्क पर लाल चुनरी बांधकर एवं ललाट पर गुलाल लगाकर स्वागत किया। शोभायात्रा में माता पथवारी, माता चामुंडा, मोहल्ला कटरा, बीचपुरवियान, कोरियान, सतौली, कोठी सत्ता, वाल्मीक बस्ती, नई बस्ती, मोहल्ला बारह बीघा, स्टेशन रोड, नगला गंगाराम आदि मंदिरों पर सजे पूजा पांडालों में विराजित देवी प्रतिमाओं की झांकियां शामिल थीं। माता पथवारी मंदिर चौराहे पर आरती उपरांत रात तीन बजे सभी झांकियां गंगा नदी के राजघाट (नरौरा) के लिए रवाना हुईं। जहां सुबह प्रतिमाएं विसर्जित कर भंडारे आयोजित किए गए। नवरात्र के समापन पर माता पथवारी पर धार्मिक गीतों व भजनों पर नृत्यमयी सुंदर प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों को कमेटी अध्यक्ष नवीन बघेल व समाजसेवी पंकज बघेल ने पुरस्कृत किया। मुख्य बाजार में श्री रामलीला परिषद के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश बघेल लल्लू भैया (मास्टर तंबाकू) के नेतृत्व में भंडारे में प्रसादी बांटी गई।



# ब्रज में अड़ेगा टेसू.... रूठेगी झांझी, बाजार में खूब हुई बिक्री

एनएनआई



**बाह**। विजय दशमी पर रावण के अंत के साथ आज से ब्रज के गांवों में महाभारत से जुड़ी टेसू झांझी की लोक परम्परा शुरू होगी। गांव, कस्बों की गलियों में बच्चों की टोलियां 'मेरा टेसू यहीं अड़ा, खाने को मांगे दही बड़ा' आदि गीत गाते हुए निकलेंगी। बेटियां भी घर के आंगन में झांझी के गीत गुन गुनाएंगी। जो शरद पूर्णिमा पर टेसू झांझी के विवाह के साथ सम्पन्न होगी। ब्रहस्पतिवार को बाह, जरार, जैतपुर, बटेश्वर, भदरौली आदि बाजारों में टेसू झांझी की दुकानें सज गई हैं। खरीददारी भी खूब हुई। कुम्हारी कला से जुड़े परिवार टेसू झांझी बनाने और रंगने में जुटे हुए हैं। जरार की मीना, गीता ने बताया कि टेसू झांझी की लोक परम्परा का निर्वहन गांव, कस्बों में खूब होता है। यही बजह है कि शरद पूर्णिमा तक अच्छी खासी कमाई हो जाती है।

महाभारत के युद्ध से जुड़ी है टेसू झांझी की लोक परम्परा- इतिहासकार डॉ. शिव शंकर कटारे कहते हैं कि टेसू झांझी की लोक परम्परा महाभारत से जुड़ी हुई है। भीम के बेटे घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक महाभारत के युद्ध में जिस ओर मुंह करके हंसते थे। उस तरफ की सेना का विनाश हो जाता था। कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से उसका सिर काट दिया और एक पहाड़ी पर छेंकुर के पेड़ पर रख दिया था। महाभारत के युद्ध के बाद कृष्ण ने बर्बरीक की इच्छा पूर्ति के लिए शरद पूर्णिमा को विवाह निश्चित किया। तभी से इस लोक परम्परा का निर्वहन हो रहा है।



## संजय प्लेस में हुआ विशाल भंडारा

**आगरा** एनएनआई । संजय प्लेस व्यापारी एसोसिएशन के सौजन्य से कंप्यूटर मार्केट संजय प्लेस में पांचवां विशाल भंडारा किया गया। शुभारंभ महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने किया। इसमें एसोसिएशन के संरक्षक गजेंद्र शर्मा, चतुर्भुज तिवारी, धर्मेंद्र परमार, सचिव सुमित शर्मा, कोषाध्यक्ष बंटी बंसल, महामंत्री रवि भदौरिया, सोशल मीडिया प्रभारी सुनील मित्तल, उपसचिव देवेंद्र सिंह, सलाहकार संतोष गुप्ता, संयोजक रानू, मीडिया प्रभारी ऋषभ चौहान एवं जितेश अग्रवाल, ग्रजेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



## कन्या पूजन के बाद भंडारा प्रसाद बांटा

**आगरा** एनएनआई । ऊंट गली परिवार द्वारा दसवें दिन मां का विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ माता को प्रसाद लगाकर किया गया। साथ ही कन्या पूजन भी किया गया। भंडारे में पूरी सब्जी हलवा चना आदि का प्रसाद वितरण किया गया। मां को विसर्जन के लिए सब हाथी घाट पर लेकर पहुंचे और मां को विदा किया। इस आयोजन में अभिषेक गुप्ता, विष्णु, मंगल कुमार नितेश, गगन, ननित परमार, रोहित परमार शालू, लालू, प्रथम अग्रवाल आदि भक्त उपस्थित रहे।



## सांसद ने संचालित की टीम पैंथर्स

**आगरा** एनएनआई । राज्यसभा सांसद नवीन जैन द्वारा अपनी सांसद निधि से दशहरा के पावन मौके पर गौवंश के लिए पीने के पानी की व्यवस्था हेतु टीम पैंथर्स द्वारा संचालित श्री जी असहाय गौवंश चिकित्सालय शास्त्रीपुरम सिकंदरा पर सबमर्सिबल का विधि विधान द्वारा पूजन कर शुरूआत की और उन्होंने बीमार व असहाय गौवंश की सेवा के लिए आश्वस्त किया। इस मौके पर शिवम जैन, विनीत सेठी, करण गर्ग समिति अध्यक्ष रघुवीर राजपूत, महा सचिव रवि शर्मा , कोषाध्यक्ष सुनील राजपूत , वीरेंद्र , संस्कार आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# भाजपा के एजेंडे से जदयू असहज

बिहार में ऐसा लग रहा है कि भाजपा नीतीश को अपने एजेंडे से भी बाहर करती जा रही है।भारतीय जनता पार्टी ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद के दावेदार के तौर पर नहीं पेश किया है लेकिन यह जरूर कहा है कि उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार दौरे में तय किया गया कि भाजपा महिला, मोदी और मंदिर के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। सवाल है कि इसमें नीतीश कुमार कहां हैं? उनका कामकाज कहाँ हैं? भारतीय जनता पार्टी अपने आजमाए हुए फॉर्मूले से अलग हटने को राजी नहीं है। उसने विधानसभा चुनाव से पहले घुसपैठिया मुद्दे को हाईलाइट किया है तो मोदी और महिला के साथ साथ मंदिर का मुद्दा भी बनाया है। पिछले कई दिनों से एक के बाद एक मंदिर निर्माण का फैसला राज्य सरकार कर रही है और भाजपा के नेता व उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इसकी घोषणा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों ने बिहार की अपनी सभाओं में घुसपैठियों पर निशाना साधा और ऐलान किया कि एक एक घुसपैठिए की पहचान करके उसको निकाला जाएगा।भाजपा के इस ऐलान से जनता दल यू बहुत सहज नहीं है। जनता दल यू के नेता नहीं चाहते हैं कि चुनाव में किसी तरह का ध्रुवीकरण कराने वाला मुद्दा उठाया जाए। उनका कहना है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में आखिरी चुनाव हो रहा है तो उनके हिसाब से चुनाव लड़ा जाना चाहिए। जदयू का कहना है कि नीतीश ने कभी भी सांप्रदायिक या ध्रुवीकरण कराने वाले मुद्दे पर चुनाव नहीं लड़ा है। वे हर बार अपने काम की मजदूरी मांगने जनता के बीच जाते हैं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि भाजपा इस बार कोशिश कर रही है कि नीतीश कुमार के नाम पर जनादेश मांगते हुए नहीं दिखा जाए। वह नीतीश का चेहरा आगे करके उनकी पुण्यता का लाभ लेना चाहती है लेकिन बाद में यह भी दिखाना चाहती है कि उसके एजेंडे पर उसको जनादेश मिला है। तभी जदयू के नेता इसका विरोध कर रहे हैं।भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव में सीटों का एक लक्ष्य तय करती है। जैसे पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने चार सौ सीटों का लक्ष्य रखा था। चार जून को इसलिए वोटों की गिनती रखी गई ताकि पूरे चुनाव यह नारा लगाया जा सके कि चार जून चार सौ सीट। लेकिन असल नतीजे में भाजपा पहले से 63 सीटें नीचे आ गई। हर राज्य में भाजपा ऐसे ही लक्ष्य तय करती है। जैसे बिहार में भाजपा और जनता दल यू की ओर से 225 सीटों का लक्ष्य तय किया गया था। दोनों पार्टियों के बड़े नेताओं ने बार बार कहा कि इस बार 2010 का रिकॉर्ड तोड़ना है। गौरतलब है कि 2010 में भाजपा और जनता दल यू ने मिल कर 206 सीटें जीती थीं। उस समय लोक जनशक्ति पार्टी ने राजद के साथ मिल कर चुनाव लड़ा था और कांग्रेस अकेले लड़ी थी। इस बार लोक जनशक्ति पार्टी भी एनडीए में है और बाद में बनी दो और पार्टियां जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा भी एनडीए में हैं। तभी एनडीए की ओर से 243 में से 225 सीट का लक्ष्य तय किया गया तो इसे अव्यावहारिक तो माना गया लेकिन अनेक लोग यह मानने वाले थे कि पांचों पार्टियों का गठबंधन 2010 का रिकॉर्ड तोड़ सकता है या वहां तक जा सकता है। इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित ने बिहार के नेताओं की बैठक में तीन तिहाई सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। । दो तिहाई का मतलब है वही 160 सीटें हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए 160 से ज्यादा सीटें जीत कर सरकार बनाएगा।अब सवाल है कि 225 के लक्ष्य में क्यों संशोधन किया गया? भाजपा के नेता ने कहा कि 225 की बात जनता दल यू के नेता कर रहे हैं क्योंकि उनको नीतीश कुमार का अंतिम चुनाव बता कर एक भावनात्मक मुद्दे पर लड़ना है और उनको लग रहा है कि इतना बड़ा लक्ष्य बताएंगे तो फिर नीतीश कुमार के ही मुख्यमंत्री बनने की गारंटी होगी। भाजपा के नेता यह भी याद दिला रहे हैं कि जनता दल यू के नेता ह्य2025 फिर से नीतीशह्न का नारा भी दे रहे हैं लेकिन भाजपा का उससे भी लेना देना नहीं है। सवाल है कि जब दोनों पार्टियां एक साथ लड़ रही है तो फिर नारे और लक्ष्य अलग अलग क्यों है?

भाजपा समझ रही है कि महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री रोजगार योजना के मद में 10-10 हजार रुपए मोदी ने ट्रांसफर किए हैं और महिलाओं से मोदी ने बात की है इसलिए महिलाएं मोदी के नाम पर वोट करेंगी और भाजपा को नीतीश के चेहरे की जरुरत नहीं है? देश में सबसे पहले महिला वोट बैंक नीतीश ने बनाया था और उनका ही चेहरा भाजपा को भी महिला वोट दिला सकता है। जब भाजपा को लोकसभा चुनाव जीतने के लिए नीतीश के चेहरे की जरुरत पड़ी तो विधानसभा चुनाव में ऐसा कौन सा आलादीन का चिराग हाथ लग गया कि वह नीतीश को केंद्र में रखे बगैर लड़ने की तैयारी कर रही है? यह भी ध्यान रखने की जरुरत है कि बिहार में कोई भी मंदिर का मुद्दा नहीं चलेगा। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने के प्रयास भाजपा पहले भी करके विफल हो चुकी है। इसलिए मंदिर या मोदी की बजाय महिला और नीतीश का एजेंडा भाजपा के लिए ज्यादा फायदेमंद है। मोदी का चेहरा ज्यादा दिखाने से भी यह मैसेज बनेगा कि भाजपा नीतीश को किनारे कर रही है तो इसका भी नुकसान होगा। इसका लाभ तेजस्वी यादव को मिल सकता है। बहरहाल, बिहार में भाजपा ने महिला, मोदी और मंदिर का मुद्दा उठाया उसके दो दिन बाद सोमवार, 29 सितंबर को दिल्ली के अंग्रेजी अखबारों में बिहार सरकार का पूरे पन्ने का विज्ञापन छपा, जिसमें सड़कों का जाल बिछाने का प्रचार किया गया है और तस्वीर अकेले नीतीश कुमार की है। लंबे समय के बाद बिहार का ऐसा विज्ञापन दिखा, जिसमें न तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है और न बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं।

# डांडिया नाइट में झूम उठे शहरवासी

## शंकर ग्रीन हाइट्स, फतेहाबाद रोड पर गरबा-डांडिया की झंकार



एनएनआई

आगरा। विजय दशमी के पावन अवसर पर शंकर ग्रीन हाइट्स, फतेहाबाद रोड पर गरबा-डांडिया महोत्सव का रंगारंग आयोजन हुआ, इस अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर माँ दुर्गा की स्तुति में गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किए,

ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों पर जब महिलाएँ थिरकीं तो पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा,माँ के जयकारों और पारंपरिक गरबा गीतों की गूंज से हाइट्स परिसर भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने गोल घेरा बनाकर तालबद्ध गरबा प्रस्तुत किया, झिलमिलाते प्रकाश, भव्य सजावट और लजीज व्यंजनों ने माहौल को और आकर्षक बना दिया, छोटे-बड़े सभी ने उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस यादगार शाम को संजो लिया। आयोजन में हाइट्स की महिला मंडली ने सक्रिय सहयोग दिया और मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया, यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का माध्यम बना, बल्कि इसमें एकता, सद्भाव और उत्सव का संदेश भी झलका।

## डांडिया की मस्ती और उमंग में झूमा जयपुर हाउस



एनएनआई

आगरा। दशहरा उत्सव में आज जयपुर हाउस के श्रीराम पार्क में डांडिया की मस्ती और उमंग छायी थी। हाथों में डांडिया लिए और परम्परागत परिधान लहंगा चोली में श्रृंगारित महिलाओं व कुर्ता पजामा में सजे धजे पुरुषों ने रावण दहन से पहले डांडिया का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर महिलाओं व बच्चों के लिए आकर्षक प्रतियोगिताएं व खेल भी आयोजित किए गए। 12 फुट के रावण दहन के साथ सम्पूर्ण परिसर जयश्रीराम व वीर बजरंगी के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शंखनाद के साथ गणेश वंदना व मां दुर्गा की आरती समस्त जयपुर हाउस वासियों द्वारा की गई। आईपीएस अभिषेक अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बार शुरू हुआ डांडिया का धमाल। ढोली थारो ढोल बाजों..., धूंधट का आड़ से दिलबर का..., जैसे गीतों पर जयपुर हाउस के युवा वर्ग ने उत्साह व उमंग के साथ दशहरा पर्व सेलीब्रेट किया। बेस्ट कपल डांस, बेस्ट ड्रेस सहित कई पहार प्रदान किए गए। बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया। अंत में 12 फुट ऊंचे रावण का दहन होते ही हर तरफ जयश्रीराम के जयकारे गूंजने लगे।

# मां दुर्गा के पण्डाल में लगा छप्पन भोग, भंडारा हुआ

एनएनआई

**आगरा।** आज तोता का ताल स्थित सजे मां दुर्गा के पण्डाल में दशहरा के पावन पर्व पर भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। प्रातः मां दुर्गा की आरती व पूजन किया गया। कल शाम 8 बजे सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जाएगा। 4 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे बैंड बाजों संग मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। मां भगवती सेवा मण्डल द्वारा तोता का ताल पर नवदुर्गा पर्व के उपलक्ष्य में देवी माता का पण्डाल सजाया गया था। जहां नौ दिन माता के पूजन के बाद आज भण्डारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां दुर्गा को भोग लगाया गया। माता की भेटें गाई गईं। 3 अक्टूबर को सुंदरकाण्ड पाठ के साथ 12 दिवसीय उत्सव का समापन होगा। 4 अक्टूबर को विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश, आकाश, मनीष, दिनेश कुशवाह, विष्णु, पार्षद विक्रांत कुशवाह, पार्षद अमित पटेल, पिंकी, रिया, सुमन, रूबी आदि उपस्थित थीं।



# डांडिया नाइट में रंग-बिरंगा सा चमका नेहरू नगर

एनएनआई

**आगरा।** नेहरू नगर क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय दशहरा डांडिया एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का पहला दिन भक्तिमय और भव्यता से परिपूर्ण रहा। गुरुवार को नेहरू नगर पार्क सहित पूरा क्षेत्र दीपों की कतारों और दूधिया रोशनी की झिलमिलाहट से ऐसे दमक रहा था मानो आसमान के तारे धरती पर उतर आए हों। रंग-बिरंगी लाइटों की छटा और विशेष रूप से तैयार भव्य महल ने वातावरण को उत्सव की दिव्यता से आलोकित कर दिया।

मां भगवती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि समाजसेवी रामशरण मित्तल और भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता , सतीश इंजीनियर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद जैसे ही ढोल-नगाड़ों और संगीत की धुन बजी, डांडिया रास का शुभारंभ हुआ। सजी-धजी पारंपरिक पोशाकों में महिलाएं और युवा देर रात तक मंडल बनाकर झूमते रहे और पूरा पार्क भक्ति और उल्लास के रंगों में रंग गया।



डांडिया रास के बाद 32 फुट ऊँचे रावण का पुतला दहन हुआ। रसंस्थापक सतीश इंजीनियर ने बताया कि यह आयोजन पिछले आठ वर्षों से निरंतर हो रहा है, किंतु इस बार जनक महल की तर्ज पर 80 फीट लंबा और 35 फीट ऊँचा भव्य राजभवन तैयार किया गया है, जो मैसूर राजभवन की झलक पेश करता है। दूधिया और रंग-बिरंगी रोशनी से सजे नेहरू नगर पार्क ने इस आयोजन की शोभा को कई गुना बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को होने वाले राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में डॉ. विष्णु सक्सेना, डॉ. रूचि चतुर्वेदी, गौरी मिश्रा, हेमा शर्मा, सुदीप भोला, पवन आगरी, लटूरी सिंह लत, दिनेश रघुवंशी और अनिल बेधड़क अपनी ओजस्वी व भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे।

कार्यक्रम का संयोजन महेश सिंघल ने किया और आयोजन की देखरेख क्लब अध्यक्ष नवल शर्मा के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर पंकज गर्ग, नवीन गर्ग, सुधीर गुप्ता,महेश गुप्ता, मनीष गर्ग, दीपक अग्रवाल, रोजबड की अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, पूनम शर्मा, नीतू सिंघल आदि उपस्थित रहे।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने आशा भोंसले के पर्सनैलिटी राइट्स सुरक्षित किए

### सिंगर की आवाज, नाम और पहचान का बिना अनुमति इस्तेमाल पर लगाई रोक



बॉम्बे हाईकोर्ट ने सिंगर आशा भोसले के नाम, आवाज और पहचान का बिना अनुमति के इस्तेमाल करने पर रोक लगाई है। अब अक प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और दूसरे बिना अनुमति इनका इस्तेमाल नहीं कर सकते। कोर्ट ने कहा कि अकटूल्स का इस्तेमाल करके सेलिब्रिटी की आवाज की नकल करना उनके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन है। ये टूल्स बिना अनुमति उनकी आवाज को बदल और दोहरा सकते हैं, जो उनके पब्लिक और पर्सनल आइडेंटिटी का अहम हिस्सा है। आशा भोसले ने कोर्ट का रुख तब किया जब उन्होंने देखा कि कई जगह उनका नाम और पहचान गलत तरीके से इस्तेमाल हो रही है। शिकायत में एआई कंपनी, ई-कॉमर्स साइट्स अमेजन और फ्लिपकार्ट, टेक प्लेटफॉर्म गूगल और एक स्वतंत्र कलाकार शामिल थे। शिकायत में कहा गया कि Mayk उनकी आवाज का एआई क्लोन बना और वितरित कर रहा था। अमेजन और फ्लिपकार्ट उनकी तस्वीर वाले पोस्टर और मर्चेंडाइज बिना अनुमति बेच रहे थे। गूगल इसलिए शामिल था क्योंकि यूट्यूब पर एआई कंटेंट में उनकी आवाज की नकल हो रही थी। स्वतंत्र कलाकार ने उनकी तस्वीर वाली कपड़े की बिक्री की। आशा भोसले की टीम ने कहा कि इस तरह का बिना अनुमति इस्तेमाल उनके 80 साल के करियर में अर्जित प्रतिष्ठा और गुडविल को नुकसान पहुंचाता है। उनके करियर में उन्होंने पद्म विभूषण, दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड और दो ग्रैमी नामांकन भी प्राप्त किए। कोर्ट ने मामले की समीक्षा के बाद सभी प्रतिवादियों के खिलाफ रेस्ट्रेनिंग ऑर्डर जारी किया। अब कोई भी उनके नाम, तस्वीर या आवाज का बिजनेस या निजी फायदा लेने के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकता। साथ ही कोर्ट ने सभी प्लेटफॉर्म और सेलर्स को सभी कंटेंट और प्रोडक्ट लिस्टिंग हटाने का आदेश दिया। उन्हें आशा भोसले को उन लोगों की जानकारी भी देनी होगी जिन्होंने उनका उल्लंघन किया, ताकि वे आगे की कानूनी कार्रवाई कर सकें।

## धनश्री को बहुत पसंद करते थे पवन सिंह



### आहाना कुमरा बोलीं- दोनों का रिश्ता बहुत स्वीट था, एक-दूसरे से सब कुछ शेयर करते थे

रिएलिटी शो राइज एंड फॉल से एक्ट्रेस आहाना कुमरा बाहर हो चुकी हैं। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने धनश्री और पवन के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि पवन और धनश्री का रिलेशनशिप काफी अच्छा है। फिल्मी ज्ञान से इंटरव्यू में आहाना कुमरा से पूछा गया कि अरबाज पटेल, धनश्री और पवन सिंह के बीच कोई लव ट्राएंगल था? इस पर आहाना ने कहा, ये सवाल आप उनसे पूछें मुझसे क्यों पूछ रहे हैं। मैं तो तब बेसमेंट में चली गई थी। मैं ट्रंक कॉल पर उनसे बात करती थी। हालांकि धनश्री और पवन सिंह की बॉन्डिंग अच्छी थी। आहाना ने कहा- उनका बॉन्ड बहुत स्वीट था। वो धनश्री को बहुत पसंद करते थे। उन दोनों का इतना अच्छा रिलेशनशिप रहा कि धनश्री पवन जी के साथ अपनी चीजें शेयर करती थी और पवन भी अपनी बातें धनश्री को बताते थे। तो यह अच्छी बात है। आहाना ने पवन सिंह को ट्रस्टी के बेटे कहकर टॉन्ट किया था। इस पर दोनों की लड़ाई भी हो गई थी। इस आहाना ने कहा, मुझे नहीं लगता वो बात इतनी बड़ी थी, जितनी बना दी गई थी। उस समय मैं बहुत अकेला फील कर रही थी, सब मुझ पर चढ़े हुए थे। कोई मुझसे नहीं पूछ रहा था कि आपने क्या कहा। सब एक ही इंसान का पक्ष ले रहे थे, कोई मुझसे नहीं पूछ रहा था कि क्या हुआ, आपने क्या कहा। मुझे तब लग रहा था कि ऐसा मैंने क्या कह दिया था कि सब मुझपर कूद रहे हैं। क्योंकि कुछ कहा होता तो मेकर्स भी उस मौके को दिखाने से नहीं चूकते। मैं तब बहुत कंफ्यूज थी ये लोग कौन सी बात कर रहे हैं। तब वो पल आया जब मैं फूट पड़ी लेकिन तब भी मैंने कोई गाली-गलौच नहीं की। हां एक शब्द कहा जिसका तूल बन गया। लेकिन वो इतना बुरा नहीं था। उससे ज्यादा बुरी चीजें मेरे बारे में कही गई हैं। तब ये लोग कहां रहते हैं जब मुझे बातें सुनाई जाती हैं।





## राम बनकर बॉबी देओल ने किया रावण का वध

### विजयादशमी पर सत्य की जीत का दिया संदेश, गूंजा 'जय श्रीराम' का उद्घोष

नई दिल्ली के लालकिला मैदान में विजयादशमी के अवसर पर एक्टर बॉबी देओल ने रावण दहन किया। उन्होंने भगवान राम की प्रतीकात्मक भूमिका निभाते हुए धनुष से तीर चलाकर रावण का वध किया और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया। इस दौरान लाखों दर्शक मौजूद थे। लव कुश रामलीला समिति के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि बॉबी देओल धार्मिक प्रवृत्ति के अभिनेता हैं। अपने फिल्मी करियर के 30 साल पूरे होने पर उन्होंने भगवान राम की शरण में आने का निर्णय लिया। समिति के निमंत्रण पर वे दिल्ली पहुंचे और इस भव्य आयोजन का हिस्सा बने। अर्जुन कुमार ने यह भी कहा कि इससे पहले भी कई बड़े फिल्मी सितारे लव कुश रामलीला का हिस्सा बन चुके हैं, जिनमें अजय देवगन, करीना कपूर, रोहित शेट्टी, अक्षय कुमार, साउथ सुपरस्टार प्रभास, जॉन अब्राहम सहित कई अन्य कलाकार शामिल हैं। सभी ने भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की है। लालकिले में लव कुश रामलीला देश की सबसे आइकॉनिक रामलीलाओं में से एक है, जिसमें पौराणिक कथाओं और आधुनिक तमाशे का मिश्रण होता है। इसे देखने के लिए दिल्ली और उसके बाहर से लोग आते हैं। वैसे तो बॉबी देओल ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया है। लेकिन एनिमल उनके करियर की पहली सुपरहिट फिल्म रही। इस फिल्म से एक्टर को न सिर्फ विलेन के किरदार में एक नई पहचान मिली बल्कि उनका कमबैक भी हो गया। इसके बाद उन्होंने कंगुआ और हरि हर वीरा मल्लू जैसी फिल्मों में काम किया। हाल ही में बॉबी देओल वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में नजर आए हैं।

NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर ख़बर पर पक्की नज़र




# दूसरे दिन लंच तक भारत अपनी पहली पारी में 218/3

**अहमदाबाद।** दूसरे दिन लंच ब्रेक तक भारत ने अपनी पहली पारी में तीन विकेट गंवाकर 218 रन बना लिए हैं। फिलहाल केएल राहुल 100 रन और ध्रुव जुरेल 14 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत को आज का पहला और एकमात्र झटका शुभमन गिल के रूप में लगा। भारतीय कप्तान 50 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 162 रन बनाए थे। इस लिहाज से टीम इंडिया की कुल बढ़त अब तक 56 रन की हो चुकी है। पहले दिन यशस्वी जायसवाल 36 रन और साई सुदर्शन सात रन बनाकर आउट हुए थे।



### गिल अर्धशतक लगाकर आउट

भारत को 188 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। कप्तान शुभमन गिल 50 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने रोस्टन चेज ने कैच आउट कराया। यह गिल के टेस्ट करियर का आठवां अर्धशतक रहा। गिल और राहुल के बीच तीसरे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी निभाई। फिलहाल केएल राहुल 86 रन बनाकर क्रीज पर हैं और उनका साथ देने ध्रुव जुरेल आए हैं।



### राहुल का 11वां शतक

केएल राहुल ने टेस्ट करियर का 11वां शतक जड़ा। भारतीय सरजमीं पर उनका दूसरा टेस्ट शतक रहा। उन्होंने 190 गेंदों पर शतक पूरा किया। भारत ने तीन विकेट पर 210 से ज्यादा रन बना लिए हैं। वेस्टइंडीज पर बढ़त भी 50 से ज्यादा रन की हो चुकी है। फिलहाल राहुल के साथ ध्रुव जुरेल क्रीज पर हैं। शुभमन गिल 50 रन बनाकर आउट हुए।

## विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मीराबाई चानू का जलवा

**199 किलो वजन उठाकर जीता रजत पदक**



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने एक बार फिर विश्व मंच पर देश का परचम लहराया। उन्होंने शुक्रवार को नॉर्वे के फोर्डे में चल रही भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप में महिला 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। यह मीराबाई का इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में तीसरा पदक है। मीराबाई चानू हालफिलहाल में चोट से काफी जूझती रही हैं। इसी वजह से पिछले कुछ टूर्नामेंट्स में उनका प्रदर्शन कुछ नहीं रहा था, लेकिन विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में उन्होंने जलवा बिखेरा। उनका यह प्रदर्शन साबित करता है कि चोटों और संघर्षों के बावजूद वह आज भी विश्व वेटलिफ्टिंग में भारत की सबसे बड़ी उम्मीद बनी हुई हैं। उनका यह रजत पदक आने वाले पेरिस ओलंपिक 2028 की तैयारियों की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

### 2017 की चैंपियन और 2022 की रजत विजेता

मीराबाई चानू 2017 में विश्व चैंपियन बनी थीं और 2022 में उन्होंने रजत पदक हासिल किया था। इस बार उन्होंने 48 किग्रा वर्ग में उतरकर 199 किग्रा (84 किग्रा स्नैच + 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) का कुल भार उठाया और पोडियम तक पहुंचीं। चानू इससे पहले 49 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, लेकिन रणनीतिक बदलाव के चलते उन्होंने 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लिया।

## विवादित बयान के बाद अब सफाई देती नजर आईं पाकिस्तान की पूर्व कप्तान



**दुबई।** महिला वनडे विश्व कप 2025 में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान एक बड़ी विवादित घटना सामने आई। पुरुषों के एशिया कप में भारतीय टीम से मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान अपनी ओछी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। गुरुवार को महिला वनडे विश्व कप के मुकाबले में पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सना मीर ने ऐसा बयान दिया, जिसके बाद नए विवाद का जन्म हो गया। मौजूदा समय में टूर्नामेंट में कमेंट्री कर रहीं सना मीर ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके को आजाद कश्मीर कहकर पुकारा, जिससे सोशल मीडिया पर जबरदस्त बवाल खड़ा हो गया। यह मामला इतना बढ़ गया कि आईसीसी तक के रडार पर है। हालांकि, अभी तक आईसीसी ने इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### कमेंट्री के दौरान विवादित टिप्पणी

पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश के मैच में सना मीर ने पाकिस्तान की बल्लेबाज नतालिया परवेज का जिक्र करते हुए कहा कि, फातिमा सना बहुत युवा टीम की कप्तानी कर रही हैं। हां, उन्होंने क्वालिफायर जीता है, लेकिन इन खिलाड़ियों में से कई बिल्कुल नई हैं। नतालिया, जो कश्मीर से आती हैं...आजाद कश्मीर से...वह लाहौर में ज्यादा क्रिकेट खेलती हैं। उन्हें अपनी ज्यादातर क्रिकेट खेलने के लिए लाहौर आना पड़ता है। यानी उन्होंने पहले नतालिया को कश्मीर से आने वाली खिलाड़ी बताया, लेकिन तुरंत ही खुद को सुधारते हुए विवादित और आपत्तिजनक बयान दे डाला और आजाद कश्मीर कह दिया। यही शब्द बवाल की असली वजह बना।

## शुक्रवार, 03 अक्टूबर राशिफल

आज के दिन मेष राशि के जातक आप दान-पुण्य के कार्यों में खर्च करेंगे। दूसरों की मदद करने से आज आपको राहत मिलती नजर आ रही है। आज रात पत्नी को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी परेशान कर सकती है, इसलिए सावधान रहें।

वृषभ राशि वाले आज परिजनों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा, लेकिन सेहत के प्रति सचेत रहें। दोपहर बाद व्यवसाय से जुड़ी कोई खबर सुनने को मिल सकती है, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

आज के दिन मिथुन राशि के जातकों को पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा से आज आपकी कोई कीमती वस्तु या संपत्ति मिलने की इच्छा पूरी होगी, जिससे परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। व्यावसायिक मामलों में व्यस्तता अधिक रहेगी।

कर्क राशि वालों को आज कोई भी फैसला लेना हो तो जल्दबाजी और भावुकता में न लें, नहीं तो बाद में पछताना पड़ सकता है। व्यापार के लिए की गई यात्रा काफी लाभदायक रहेगी, जिससे आपको धन प्राप्ति के योग भी बन रहे हैं, जिससे आपके धन कोष की स्थिति मजबूत होगी।

सिंह राशि वालों के लिए राजनीति के क्षेत्र में आज का दिन बहुत ही लाभदायक रहेगा। काफी समय से आपका कोई काम रुका हुआ है तो आज वह पूरा हो जाएगा जिससे आप काफी प्रसन्न नजर आएंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें, धीमी पाचन शक्ति और नेत्र विकार की संभावना है।

आज के दिन कन्या राशि के विद्यार्थियों को अधिक मेहनत की आवश्यकता होगी, तभी सफलता मिलती नजर आ रही है। यदि आपकी कोई पारिवारिक समस्या चल रही थी, तो वह आज समाप्त हो जाएगी, विपरीत परिस्थितियों में अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें

तुला राशि के विद्यार्थियों को आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिल रही है। आज आय के नए रास्ते खुलेंगे और नौकरीपेशा लोगों को सफलता मिलेगी, लेकिन अपनी वाणी पर संयम रखें, तभी आपको विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी।

शुक्रवार को आज वृश्चिक राशि के जातकों को कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन धैर्य से काम लें और अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। आज का दिन आपके रुके हुए कार्यों को पूरा करने का है। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

आज के दिन धनु राशि के जातकों का अगर कोई मामला कोर्ट कचहरी में चल रहा है तो वह आज समाप्त हो जाएगा और आपको विजय प्राप्त होगी। आज घरेलू सामानों पर पैसा खर्च होगा, लेकिन आपको अपनी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर ही पैसे खर्च करने होंगे।

3 अक्टूबर का दिन मकर राशि वालों के लिए खर्चों को बढ़ाने वाला रहेगा। आज कारोबार में किए गए कुछ नए बदलावों से आपको भरपूर लाभ मिल रहा है, जिससे आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में भी सफल रहेंगे।

शुक्रवार के दिन कुंभ राशि वाले अगर किसी संपत्ति के क्रय-विक्रय का विचार कर रहे हैं तो उसके सभी संवैधानिक पहलुओं को गंभीरता से जांच लें, नहीं तो आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। जीवनसाथी के अचानक शारीरिक कष्ट के कारण भागदौड़ और अधिक धन खर्च करने की स्थिति बन सकती है।

आज के दिन मीन राशि के जातकों का वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। निकट और दूर की यात्रा हो सकती है। विद्यार्थी आज मानसिक और बौद्धिक भार से मुक्त होते दिख रहे हैं। शाम को कहीं जाने की महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है, जिससे आपका मन शांत रहेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# क्षत्रिय महासभा ने किया शस्त्र पूजन

## वृद्धजन और मेधावी छात्र- छात्राओं का किया सम्मान



एनएनआई

**आगरा।** क्षत्रिय सभा दयाल बाग ने दशहरा पर्व श्रद्धा के साथ मनाया। शस्त्र पूजन के साथ वृद्धजन और मेधावी छात्र- छात्राओं का सम्मान किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। इस मौके पर विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने कहाकि शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा धन है। इसी के बल पर समाज का उत्थान संभव है। उन्होंने छात्रों से मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयो को समाप्त करने और शिक्षा पर विशेष जोर दिया। इस दौरान पूर्व विधायक फतेहाबाद डॉ राजेन्द्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा श्याम भदोरिया, प्रदीप भाटी, कु. दिनेश प्रताप सिंह के अलावा क्षत्रिय सभा जिलाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सिंह चौहान, विनोद परमार, विजयपाल सिंह चौहान, डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. अजयपाल सिंह, बलवीर सिंह एड., दिनेश कुमार सिकरवार, वीरेन्द्र सिंह चौहान डॉ. रामलखन सिंह राठौड़, गजेन्द्र सिंह तोमर, डॉ. राजेन्द्र सिंह भदौरिया, डॉ. अखिलेश चौहान, इं आरके सिंह राघव, इं. कंचन सिंह, हरपाल सिंह राघव भीष्मपाल सिंह सोलंकी, राजेन्द्र पुंढीर, जयसिंह, मधु सिसोदिया, डॉ.राजवीर सिंह बैस, राजपाल सिंह भदौरिया, आर पी सिंह भदौरिया, दिव्यवीर सिंह, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौहान, अजीत परमार, गिरीश सिकरवार, डॉ. बीपी. सिंह, मुन्ना सिंह भदौरिया, विक्रम राघव, सुरेन्द चौहान, विक्रम राणा, राजवीर सिंह चौहान, कोमल सिंह सिकरवार, रामप्रकाश जादौन, राकेश सिकरवार, मनोज भदौरिया, कौशलेन्द्र सिंह चौहान, विजय सिंह राठौड़, अवनेन्द्र सिंह परिहार, मंजू सिंह, उदय प्रताप सिंह, लेखराज सिंह चौहान, जयप्रताप सिंह, विवेक परमार, सुजीत सिकरवार, विवेक कुमार भदौरिया, हेमन्त जादौन, अमित प्रताप सिंह चौहान, विष्णु सिंह, विजय सिकरवार, जितेन्द्र सेंगर, जीवन सिंह डोभाल आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता गजेन्द्र सिंह परमार ने की। संचालन धर्मेन्द्र जादौन ने किया।

# दशहरा पर राष्ट्रीय अग्रसेना ने किया भूमि व शस्त्र पूजन



एनएनआई

**आगरा।** दशहरे के महापर्व पर राष्ट्रीय अग्रसेना की ओर से अग्रवाल समाज के नए भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन व शस्त्र पूजन हलवाई की बगीची स्थित देवीजी मंदिर परिसर में किया। वैदिक मंत्रोचारण व विधि विधान से राष्ट्रीय संत अरविंद जी महाराज द्वारा पूजन किया। मुख्य संरक्षक सुरेशचन्द गर्ग एवं संरक्षक मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज के लोगो के लिए क्षेत्र में सामाजिक व धार्मिक कार्यो के लिए लम्बे समय से एक बड़े भवन की जरुरत महसूस हो रही थी। समाज के भामाशाहो के आर्थिक सहयोग से लगभग 600 गज भूमि पर निर्माण कार्य कराया जायेगा अध्यक्ष मनीष अग्रसेना ने बताया कि मांगलिक कार्यो के लिए खम्बा मुक्त 42764 स्कवायर फुट पर एक बड़े अत्याधुनिक सुविधायुक्त हॉल का निर्माण होगा। मंच से नए भवन के लिए नितेश अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, पंकज गोयल, पवन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अजय अग्रवाल मघटई, केएम सिंघल और कृष्ण कुमार अग्रवाल की ट्रस्टी बनाने की घोषणा हुई। महासचिव शकुन बंसल कातिब ने बताया कि शस्त्र पूजन हमारी परंम्परा का अभिन्न अंग है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल राजू ने बताया कि संस्था ने लक्ष्य निर्धारित किया है कि अगले दशहरे तक भवन को तैयार कर समाज की सेवा में अर्पित करेंगे ' मंच संचालन रिनेश मित्तल ने किया। अतिथियों का स्वागत अनुज अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक महेश गोयल, महामंत्री अम्बुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष तनुज गर्ग, राम अग्रवाल, शुभम सिंघल, विशाल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, लवलेश, पूजा, नेहा, हेमलता, आशा, कीर्ति, सिम्पल, स्वेता, भावना, रेखा, ज्योति, एकता, अंजू आदि मौजूद रहे।

# स्वयं सेवकों ने मिलाए कदमताल, निकाले पथ संचलन

- हिन्दू समाज को संगठित करने को डॉ. हेडगेवार ने की थी संघ की स्थापना
- संघ के शताब्दी वर्ष में शहर भर की शाखाओं में हुए आयोजन, किया पूजन



**आगरा (एनएनआई)।** विजयदशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने गुरुवार को अपना स्थापना दिवस मनाया। शहर में कई जगहों पर कदम ताल करते हुए पथ संचलन निकाले गए। पथ संचलनों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके साथ ही शस्त्र पूजन भी किया गया। यह संघ का सौंवा वर्ष है। आरएसएस के सौ साल पूरे होने पर की अवधपुरी शाखा द्वारा विजयादशमी उत्सव मनाया गया। इस दौरान संघ के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र जी ने कहाकि 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में संघ की स्थापना की थी। इस विजयादशमी पर संघ के 100 वर्ष पूर्ण हुए हैं। उन्होंने कहाकि हमें शताब्दी वर्ष में अधिक सावधानी, गुणवत्ता और व्यापकता से कार्य करने का संकल्प लेना है। प्रांत सह प्रचार प्रमुख मनमोहन निरंकारी ने बताया कि आगरा में स्वयंसेवकों ने मंडल, खंड, नगर स्तर में कार्यक्रम आयोजित किए। स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक शाखाओं में विजयादशमी उत्सव मनाया। स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित हुए। बौद्धिक और प्रार्थना के बाद घोष की धुनों पर पथ संचलन निकाला गया। इस दौरान स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। निरंकारी ने बताया कि आगरा विभाग के तीन महानगरों और तीन जिलों में 472 शाखाएं लग रही हैं। इस दौरान शस्त्रों का पूजन किया गया। संघ के सौंवें वर्ष की यात्रा की प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान अशोक कुलश्रेष्ठ, सुनील दीक्षित, अशोक अग्रवाल, दलीप गोयल, श्याम किशोर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कृभको ने चलाया स्वच्छता अभियान

**आगरा (एनएनआई)।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत कृभको द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत गुरुवार को किसान सभाओं के माध्यम से मुरारी लाल खत्री कन्या इंटर कॉलेज प्रांगण में प्रधानाचार्य डॉ. पूनम मिश्रा की अगवाई में स्वच्छता अभियान चलाकर सभी को अपने आसपास स्वच्छता रखने को प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल का स्टाफ भी मौजूद रहा। इसके अलावा विद्यानगर में समाजसेवी माधव यादव के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाकर वहां रहने वालों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जबकि साधन सहकारी समिति लिमिटेड नाराइच पर समिति स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लल्लन सिंह सिकरवार ने की और मुख्य अतिथि सतीश चंद्र सिकरवार रहे। यहां स्वच्छता अभियान में 150 महिला और पुरुषों ने शिरकत की।






# जयपुर हाउस में श्री राम शाखा ने निकाला पथ संचलन



एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की सौ वर्ष पूरे होने पर श्रीराम पार्क, जयपुर हाउस विजयदशमी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर 217 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में शारीरिक अभ्यास वर्ग का प्रदर्शन किया। इस मौके पर हरि शंकर शर्मा ने कहाकि डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हिंदुओं को संरक्षित, सुरक्षित और संगठित करने के लिए की थी। उन्होंने कहाकि आज संघ के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ का मूल उद्देश्य सामाजिक समरसता पर आधारित भारत को उच्चतम शिखर पर पहुंचाना है। जहां पर जाति, क्षेत्र भेद और भाषा भेद कुछ न हो। सिर्फ मानव कल्याण का ही मूल मंत्र है। अध्यक्षता आगरा विकास मंच के अध्यक्ष राजकुमार जैन ने की। शाखा कार्यवाह इंजी. सुरेश चंद्र अग्रवाल की मौजूदगी में अमृत वचन ईश्वरपाल सिंह ने किया। गणगीत श्याम तिवारी, एकल गीत दीपक कपूर का रहा। प्रार्थना राकेश कुमार ने की। चैधरी कमल सिंह ने योग कराया। पूर्ण गणवेश में सभी स्वयंसेवकों ने जयपुर हाउस कॉलोनी में पथसंचलन किया। इसमें राष्ट्र सेविका समिति की बहनों का विशेष सहयोग रहा। पथसंचलन में वाद्य यंत्रों के साथ घोष का भी प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर छीतरमल गर्ग, नन्द नन्दन गर्ग, शेखर मित्तल, ओम स्वरूप गर्ग, सतीश गुप्ता, बंटी महाजन, ईश्वर पाल सिंह, दयाल सिंह, विजय सिंह, राजकुमार, सतपाल सिंह, चंद्रशेखर मौर्य, प्रमोद, बालवीर, बीपी सिंह, अवनीश अवस्थी मित्तल, मुकुल कुलश्रेष्ठ, दिनेश चंद चूड़ामणि, विवेक गोयल, नेमीचंद्र, अमित अग्रवाल सहित बडी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। संचालन ओम स्वरूप गर्ग ने किया।